● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 03, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 30 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



बड़े संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा देश: पीएम 5

वरुण चक्रवर्ती ने बनाया बड़ा रिकार्ड 6

## महाकुंभ में भगदड़, 30 की मौत, 60 घायल

### महाकुंभ भगदड़ मामले की होगी जांच, मृतक के परिजनों को मिलेंगी 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मंगलवार को मौनी अमावस्या पर बड़ा हादसा हो गया। संगम नोज के पास देर रात भगदड़ मच गई और इसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत और 60 घायल होने की जानकारी मिली है। घायलों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों में से सात की पहचान हुई है जो प्रयागराज के अलावा बिहार, झारखंड, कोलकाता के रहने वाले हैं।



महाकुंभ में बीती रात हुए 30 श्रद्धालुओं की मौत की घटना की जांच न्यायिक आयोग करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी जानकारी दी है। तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग से जांच कराने का आदेश दिया है। वहीं दूसरी तरफ मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया कराने का निर्देश भी दिया है।

सीएम योगी ने भारी भीड़ को हादसे का कारण बताया। उन्होंने कहा कि 25 लाख रुपये मृतकों के परिजनों को दिए जाएंगे। प्रशासन पूरी तरह से चौकस था। वह बात करते-करते भावुक हो गए। सीएम योगी ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हुई भगदड़ मामले में प्रशासन की ओर से जानकारी साझा कर दी गई है। महाकुंभ डीआईजी वैभव कृष्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि महाकुंभ में रात 1-2 बजे के बीच भगदड़ हुई थी। जिसमें 90 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें से 30 लोगों की मौत हो गई है। 25 लोगों की पहचान हो गई है और बाकी 5 की पहचान की जा रही है। महाकुंभ मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई है। 90 लोगों को अस्पताल लगाया गया। जिसमें से 30 लोगों ने दम तोड़ दिया, इनमें से 25 लोगों की शिनाख्त हो गई है। जिसमें कर्नाटक के चार, गुजरात के एक श्रद्धालु की मौत हुई है। 60 लोग घायल हैं। बैरिकेड्स टूटने की वजह से भगदड़ हुई।

घटना रात एक से दो बजे के बीच हुई। मर्चरी पहुंचे मृतकों के परिजनों ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग स्नान के लिए संगम नोज की ओर बढ़ रहे थे। वह पोल नंबर 11 से 17 के बीच थे तभी अचानक बहुत तेज गति में पीछे से भीड़ का रेला आया।

कुछ लोग संभल नहीं सके और नीचे गिर पड़े तो भीड़ उन्हें रौंदते हुए बढ़ने लगी। वहां चीखपुकार मच गई। अपनों को बचाने में कई और लोग भगदड़ की चपेट में आ गए। पुलिसकर्मी जब तक स्थिति नियंत्रित कर पाते तब तक दर्जनों लोग अचेत हो चुके थे जबकि कुछ ऐसे भी लोग थे जो होश में तो थे लेकिन वह कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं थे।

## मध्यप्रदेश, मेडिकल और फार्मास्यूटिकल मेन्यूफेक्चरिंग का नया हब बनेगा : डॉ. यादव

### उज्जैन में मेडिकल पार्क में निवेश के लिये किया आमंत्रित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जापान दौरे के दूसरे दिन टोक्यो में एएनडी मेडिकल कम्पनी के निदेशक श्री डाइकी अराई से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में चिकित्सा उपकरण निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में विकसित किये जा रहे 75 एकड़ के मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल पार्क को वैश्विक निवेशकों के लिये एक बेस्ट डेस्टिनेशन बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल मेन्यूफेक्चरिंग के क्षेत्र में नये हब के रूप में विकसित हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिये आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक इकाईयों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने इस पार्क को




भारत के तेजी से विकसित हो रहे हेल्थ केयर और मेडिकल डिवाइस सेक्टर का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बताया। यहाँ उन्नत बुनियादी सुविधाएँ, राज्य सरकार द्वारा दी जा रही प्रोत्साहन योजनाएं निवेशकों के लिये विशेष अवसर उपलब्ध है। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्वास्थ्य सेवा, मेडिकल उपकरण निर्माण, फार्मास्यूटिकल उत्पादन के क्षेत्र में निवेश को आमंत्रित करते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके व्यापार को सुगम बनाने के लिये हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में रियायती दरों पर भूमि की उपलब्धता, मेडिकल डिवाइस, बायोटेक और फार्मा कम्पनियों के लिये विशेष प्रोत्साहन योजना है, बेहतर लॉजिस्टिक और कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं मध्यप्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश को आकर्षित करते है।

## मध्य प्रदेश में स्थानांतरण नीति (संशोधन)-2025 लागू

### अब विभागीय मंत्रियों को मिले ट्रांसफर के पॉवर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अभी राज्य और जिला स्तर पर स्थानांतरण पर प्रतिबंध है। शासन ने 24 जून 2021 को राज्य एवं जिला स्तर पर ट्रांसफर नीति जारी की थी। सरकार ने कार्य की सुविधा से उपरोक्त नीति की कण्डिका 9 में संशोधन किया है। इसमें विभाग के मंत्री विशेष परिस्थिति में ट्रांसफर कर सकेंगे। बुधवार को सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से स्थानांतरण नीति (संशोधन)-2025 जारी कर दी गई। बता दें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में महेश्वर में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव



को स्वीकृति दी गई थी। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त उच्च प्राथमिकता के प्रकरणों में सचिव प्राशसकीय अनुमोदन प्राप्त कर आदेश जारी कर सकेंगे। साथ ही ऐसे ट्रांसफर प्रकरण जिनको करने में विभाग नीति के अनुरूप नहीं पाता है तो ऐसे प्रकरण विभागीय सचिव, विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद कारण समेत अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय को दोबारा प्रस्तुत कर अग्रिम आदेश प्राप्त करेंगे। इसके अलावा ट्रांसफर नीति के तहत ट्रांसफर करते हुए यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जिस स्थान से ट्रांसफर किया जा रहा है, उस स्थान पर रिक्त पदों का प्रतिशत ट्रांसफर किए जा रहे स्थान से अधिक तो नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में ट्रांसफर नहीं किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग ने कुछ शर्तों के तहत शासकीय कर्मचारियों के ट्रांसफर (स्थानांतरण) के लिए एक नीति जारी की है।

## राज्यपाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को बीटिंग द रिट्रीट'' समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की सम्पन्नता के साथ ही गणतंत्र दिवस के आयोजन पूर्ण हुए। समारोह जहांगीराबाद स्थित लाल परेड मैदान में आयोजित हुआ। राज्यपाल के समक्ष कार्यक्रम में कुल 33 संगीत रचनाओं को प्रस्तुत किया गया। बैंड कॉन्सर्ट में 12 एवं बैंड डिस्प्ले में 21 संगीतमय प्रस्तुतियां दी गईं। संयम, अनुशासन और एकरूपता बैंड प्रस्तुतियों का मुख्य आकर्षण रहा।

## कैबिनेट ने 16300 करोड़ रुपये के खनिज मिशन को मंजूरी दी: अश्विनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रीमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसका एलान किया। इसके साथ ही कैबिनेट ने सी श्रेणी के भारी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 56.28 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को भी मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से निर्धारित इथेनॉल की कीमतें 2022-23 इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (नवंबर-अक्तूबर) के बाद से नहीं बढ़ाई गई थी। गन्ने के रस, बी-हैवी गुड़ और सी-हैवी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की वर्तमान दरें क्रमश: 65.61 रुपये, 60.73 रुपये और 56.28



रुपये प्रति लीटर हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इस वर्ष 31 अक्तूबर को समाप्त होने वाली 2024-25 अवधि के लिए इथेनॉल की कीमतों का एलान किया। सी श्रेणी के भारी गुड़ से प्राप्त इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 1.69 रुपये बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को मंजूरी दी गई। बी श्रेणी के भारी गुड़ और गन्ना रस/चीनी/चीनी सिरप से उत्पादित इथेनॉल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। इनकी कीमतें क्रमश: 60.73 रुपये प्रति लीटर और 65.61 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रखी गईं।

इथेनॉल की कीमतें बढ़ाने का फैसला आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने ली। इसकी जानकारी देते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2024-25 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को मंजूरी दी गई है। सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य भी 2030 से घटाकर इथेनॉल वर्ष 2025-26 कर दिया है।

## भारत विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक : राज्य मंत्री

**भोपाल।** पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि राष्ट्र के विकास और प्रगति में पर्यटन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारे महान देश का पर्यटन की दृष्टि से दुनिया में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। हमारा देश सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और पुरातात्विक दृष्टि से समृद्ध है। राज्य मंत्री श्री लोधी बर्सिलोना स्पेन में पर्यटन के रोड-शो कार्यक्रम में टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट्स, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को संबोधित कर रहे थे।

## घरेलू कामगारों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बने कानून: सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू कामगारों के अधिकारों की रक्षा के लिए कोई अखिल भारतीय कानून नहीं होने पर चिंता जताते हुए। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को घरेलू कामगारों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाने पर विचार करने का निर्देश दिया। जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, घरेलू कामगार एक आवश्यक कार्यबल हैं, बावजूद इसके उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कोई अखिल भारतीय कानून नहीं है। इसलिए वे नियोक्ताओं और एजेंसियों के शोषण का शिकार होते हैं। पीठ ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व संबंधित मंत्रालयों को घरेलू कामगारों पर ऐसे कानून की व्यवहार्यता पर विचार के लिए विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दिया। इस पर छह सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करनी होगी। पीठ ने कहा, समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद केंद्र सरकार को घरेलू कामगारों की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कानून लाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

## सौरभ शर्मा की डायरी के सफेदफोश होंगे बेनकाब

### खुलासे के खौफ से बड़े नेताओं और अफसरों की सांसें फूलीं

**भोपाल।** परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार का सरगना आरटीओ का पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा 41 दिन बाद लोकायुक्त की गिरफ्त में आ गया। मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेज दिया गया। सौरभ के साथ ही लोकायुक्त की पकड़ में उसके साथी चेतन सिंह गौड़ और शरद जायसवाल भी आ गए। अब लोकायुक्त तीनों से अलग-अलग और आमने-सामने बैठा कर पूछताछ करेगी। इसमें कांस्टेबल आरटीओ के बड़े घोटाले



में कई बड़े खुलासे कर सकता है। शर्मा की गिरफ्तारी ने प्रदेश के कई बड़े नेता और अफसरों की सांसें फूला दी हैं।

सौरभ शर्मा की परिवहन विभाग में नियुक्ति शिवराज सरकार में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के कार्यकाल में हुई थी। उसकी नियुक्ति भी सवालों के घेरे में है। हालांकि, इन आरोपों पर भूपेंद्र सिंह जवाब दे चुके हैं कि कांस्टेबल की नियुक्ति में मंत्री का सीधा कोई दखल नहीं होता। सौरभ शर्मा 2016 से 2023 तक नौकरी में रहा। इस बीच, कांग्रेस से भाजपा में आए गोविंद सिंह राजपूत, कमलनाथ और शिवराज सरकार में परिवहन मंत्री रहे।

सौरभ शर्मा ने उनके कार्यकाल में करीब चार साल तक नौकरी की। दरअसल, कांग्रेस के कई बड़े नेता आरोप लगा चुके हैं कि एक कांस्टेबल इतना पैसा बिना किसी सफेदपोश और बड़े अधिकारी के संरक्षण के बगैर नहीं कमा सकता। इसमें गोविंद सिंह राजपूत पर भी आरोप लगे। हालांकि, राजपूत ने भी इन आरोपों पर जवाब दिया कि इस मामले में मेरा कोई लेना-देना नहीं है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। जांच के बाद सब क्लियर हो जाएगा।

## आप-दा वालों ने दिल्ली को पानी माफिया के भरोसे छोड़ दिया: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली के करतार नगर इलाके में रैली की। पीएम मोदी ने यहां चुनावी रथ सभा को संभोधित करते हुए आम आदमी पार्टी को घेरा। हरियाणा पर दिए गए बयान को लेकर पीएम मोदी ने अरविंद केजरीवाल पर पलटवार किया। पीएम मोदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी कह रही है कि हरियाणा वाले यमुना के जल में जहर मिला रहे हैं, यह हरियाणा का नहीं पूरे देश का अपमान है। हरियाणा का भेजा हुआ यही पानी दिल्ली में रहने वाला हर कोई पीता है। पिछले 11 साल से ये प्रधानमंत्री भी पीता है, सभी न्यायमूर्ति और बाकी सभी सम्मानित लोग भी पीते हैं। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आप-दा वालों ने दिल्ली को पानी माफिया के भरोसे छोड़ दिया है। इन लोगों ने तीन चुनावों में यमुना जी की सफाई के नाम पर वोट मांगे। आज कह रहे हैं कि यमुना जी वोट नहीं देतीं। ये आप-दा वालों की सरासर बेशर्मी है, बेईमानी है, बदनीयती है।

## इसरो का 100वां लॉन्च सफल

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 100वां लॉन्च मिशन सफल हो गया है। एनवीएस-02 उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित करने के बाद इसरो की इस उपलब्धि को बड़ा मुकाम करार दिया जा रहा है। देशभर की बड़ी हस्तियों ने इस मिशन की सफलता को लेकर इसरो को बधाई दी हैं। ऐसे में यह जानना अहम है कि इसरो का 100वां मिशन किस बारे में था? आखिर इसकी सफलता के क्या मायने हैं? किस क्षेत्र में भारत अब जल्द ही दूसरी महाशक्तियों पर निर्भरता को पूरी तरह खत्म कर सकता है? इसरो ने बुधवार सुबह 6.23 बजे अपना 100वां मिशन लॉन्च किया।

## 7113 करोड़ की नकदी के साथ भाजपा सबसे अमीर दल

### मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास 857 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा देश की सबसे अमीर पार्टी भी है। 31 मार्च, 2024 को भाजपा के पास 7,113.80 करोड़ रुपये की नकदी और जमा थी, जबकि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास मात्र 857.15 करोड़ रुपये। इन दोनों दलों की ओर से चुनाव आयोग को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह जानकारी निकलकर सामने आई है। भाजपा ने लोकसभा चुनावों की घोषणा होने पर 2023-24 के दौरान 1,754.06 करोड़ रुपये खर्च किए। यह धनराशि 2022-23 में खर्च किए गए 1,092 करोड़ रुपये से 60 प्रतिशत अधिक है। इसकी तुलना में कांग्रेस ने 2023-24 के दौरान 619.67 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 2022-23 में 192.56 करोड़ रुपये खर्च किए थे। गौरतलब है कि 16 मार्च, 2024 को लोकसभा चुनावों की घोषणा की गई थी।

राजनीतिक दलों की तरफ से चुनाव आयोग को उपलब्ध कराए गए अपने वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 के दौरान भाजपा को अब प्रतिबंधित हो चुके इलोक्टोरल बांड के जरिये 1685.69 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक अनुदान मिला।

## महांकुभ में एमपी के भक्तों को बॉर्डर पर ही रोका, लगा लंबा जाम

**रीवा।** मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ में कई लोग हताहत हुए हैं। जबकि, कई बेहोश और घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। यहां मची भगदड़ का सबसे बड़ा कारण श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ को माना जा रहा है। ऐसे में प्रयागराज में और भीड़ न बढ़े, इसके लिए श्रद्धालुओं को यूपी सीमा से सटे जिलों में ही रोक दिया गया है। इससे बॉर्डर इलाकों में लंबा जाम लग रहा है।

ऐसे ही नजारा रीवा और प्रयागराज जिले की सीमा पर स्थित चाकघाट में देखने को मिल रहा है। जहां, उत्तर प्रदेश प्रशासन ने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को रोक दिया है। लोग कई घंटों से जाम में फंसे हुए हैं। वे न तो घर



लौट पा रहे हैं और न ही प्रयागराज की ओर बढ़ पा रहे हैं।

दरअसल, बुधवार सुबह करीब 6 बजे से उत्तर प्रदेश प्रशासन ने यातायात रोक दिया। महाकुंभ और मौनी अमावस्या के शाही स्नान के चलते भारी भीड़ प्रयागराज पहुंच रही थी, लेकिन भीड़ को नियंत्रित करने में आ रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने सीमा पर ही वाहनों को रोक दिया।

रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि कई किमी लंबा जाम लगा हुआ है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने का यही एकमात्र मार्ग है, इसलिए इस रास्ते को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने ने कहा- हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि सभी श्रद्धालुओं को उचित समय पर उचित स्थान पर भेज सकें। प्रयागराज जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं।

चाकघाट पर लगे लंबे जाम को देखते हुए प्रशासन की ओर से लोगों के रुकने और खाने पीने की व्यवस्था कराई गई है। टेंट और मैरिज गार्डन में लगाकर लोगों को उनमें रखा गया है, साथ ही खाने और पीने का भी इंतजाम किया गया। कई जगह इन टेंटों में रुके श्रद्धालु भजन कीर्तन कर भगवान का स्मरण कर रहे हैं और अपना समय बिता रहा हैं। लोगों का कहना है कि चाकघाट से यूपी बॉर्डर तक करीब 20-25 किमी लंबा जाम लगा है। प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी इस लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स कर लिखा- मौनी अमावस्या के महापर्व पर तीर्थराज प्रयाग (महाकुंभ) में देश-विदेश से पधारे करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए रीवा जिले अंतर्गत मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश की सीमा पर श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रयागराज में भीड़ अधिक होने के कारण रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत सीमा पर हजारों श्रद्धालुओं के वाहन सीमा पर रुके हुए हैं। हमारे पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं, जो वहां सभी श्रद्धालुओं के खाने-पीने से लेकर ठहरने की समुचित व्यवस्था का ध्यान रख रहे हैं।

# ननि के अधिकारी सड़क निर्माण के समय जल निकासी को भूले, फिर सड़क को किया तहस-नहस

## नगर निगम की लापरवाही का नतीजा शहरवासी भुगतने को मजबूर, बिना प्लानिंग के हो रहा विकास

सिंगरौली

नगर निगम अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैया से शहर के लोग खासे परेशान है। कभी सीवर लाइन तो कभी नल जल योजना की पाइप बिछाने तो कभी गैस पाइपलाइन बिछाने को लेकर नई सड़कों को तहस-नहस कर जिम्मेदार विकास कर रहे हैं। अब नगर निगम अधिकारियों ने बीच शहर में टू लेन सड़क का निर्माण करवाया लेकिन पानी निकासी के लिए सड़क के किनारे बनी नालियों से जोड़ने के लिए सड़क पर पुल बनाना ही भूल गए। अब जब सड़क बन गई है तो अधिकारियों को पानी निकासी पर ध्यान गया। जिसके लिए अब फिर टू लेन सड़क को खोदकर अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया है।



गौरतलब है कि नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 में करोड़ों रुपए खर्च कर टू लेन सड़क का निर्माण करवाया गया था। लेकिन जिम्मेदारों ने पानी निकासी के लिए सड़क में पूर्ण निर्माण करना भूल गए। जिम्मेदारों को रोड से लगी बनी नाली नजर नहीं आई। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हल्की बारिश में ही मार्ग पर पानी भरते लोगों ने देखा है और समस्याओं से जूझे हैं। वहीं एक पखवाड़े पूर्व कुछ घंटे की बारिश से सड़क पर पानी भरने से अधिकारियों की नींद खुल गई। अब अधिकारियों ने सड़क से लगी नाली का पानी निकालने के लिए टू लेंन सड़क में अंडरग्राउंड पुल निर्माण का काम शुरू किया है। एक लेने सड़क बंद होने के बाद वार्ड वासियों की भी चिंता बढ़ गई है। बढ़े भी क्यों ना इस सड़क में सेंट जोसेफ स्कूल, नगर निगम आवासीय कॉलोनी, एसबीआई कॉलोनी सहित एक निजी कंपनी का टाउनशिप सहित बार्ड के लोगों का आना जाना होता है। सिर्फ स्कूल भर की बात की जाए तो हजारों स्कूली बच्चों सहित अभिभावकों का आना-जाना रहता है। ऐसे में जहां अब टू लेन सड़क की एक लेने बंद होने से जाम की स्थिति निर्मित होंनी तय है। तो वहीं अब नगर निगम सहित यातायात पुलिस को स्कूल के लगने और छुट्टी के समय यातायात सुगम बनाने के लिए आगे आना होगा ताकि कोई हादसा ना हो।

### अधिकारियों की तय होनी चाहिए जिम्मेदारी

जिले में बिना टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के शहर में निर्माण कार्य हो रहे हैं। सड़कों से ज्यादा ऊंचाई पर नाली का निर्माण कराया गया है ऐसे में पानी कैसे निकाले। इतना ही नहीं जिले में शायद ही ऐसी सड़क बनी हो जिसे खोदकर सिविल लाइन या फिर नल जल योजना की पाइपलाइन ना बिछाई गई हो। वहीं कई ऐसी सड़के हैं जहां सड़क पहले बनती है और फिर उसे खोदकर अंडरग्राउंड पुल निर्माण का काम कराया जाता है। लेकिन इन सब अव्यवस्थित निर्माण कार्यों के लिए कौन जिम्मेदार है इसका निर्धारण जब तक नहीं किया जाएगा तब तक सरकारी पैसों का दुरुपयोग होता रहेगा।

# सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता से टली बड़ी चोरी, पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**सिंगरौली।** थाना विंध्यनगर चौकी जयंत मस्जिद मार्केट में स्थित एक आभूषण की दुकान में 22-23 जनवरी की मध्य रात्रि लगभग 1:30 बजे एक दर्जन से अधिक चोरों ने दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी चिरंजीव तिवारी एवं विजेंद्र तिवारी ने अपनी सूझबूझ से तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिससे बड़ी चोरी की घटना टल गई। सुरक्षाकर्मियों की इस सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने उन्हें प्रोत्साहनस्वरूप 5000-5000 नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, और मोबाइल फोन प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी विंध्यनगर निरीक्षक श्रीमती अर्चना दिवेदी एवं चौकी प्रभारी जयंत उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह परिहार उपस्थित रहे।सिंगरौली पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, जिससे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# लोकसभा सांसद ने जिलाध्यक्ष को दी बधाई एवं आगामी कार्यकाल की दी शुभकामनाएं



**सिंगरौली।** नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने राज्य मंत्री राधा सिंह की गरिमामई उपस्थिति में लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष बनने के बाद सांसद से पहली मुलाकात में जिलाध्यक्ष ने सांसद का आभार व्यक्त किया तथा उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। सांसद ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं तथा उनके आगामी कार्यकाल के लिये अपने अनुभव साझा किये। सांसद ने कहा कि सुंदरलाल शाह के अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली नये कीर्तिमान स्थापित करेगी तथा कार्यकर्ता दुगुनी ऊर्जा से काम करेंगें। सांसद ने कहा कि संगठन में निष्ठा से कार्य करने वालों के महत्ता सदा ही रहती है तथा पार्टी एवं संगठन उसका प्रतिफल निश्चित की कार्यकर्ता को देता है। सुंदरलाल शाह आज जिलाध्यक्ष अपने पिछले ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर ही बने हैं इस लिए हर कार्यकर्ता अपने दायित्व के प्रति सजग व निष्ठावान बना रहे यही उसके आगे का मार्ग प्रशस्त करेगा।

सांसद ने कहा है कि वो सिंगरौली अल्प प्रवास पर ही आ पाये हैं और 31 जनवरी से लोकसभा सत्र प्रारंभ हो रहा है अत: वो सिंगरौली में अल्प समय ही व्यतीत कर पाये हैं। सांसद ने क्षेत्र की जनता जनार्दन से अनुरोध किया है कि उनकी विशेष समस्या होती है तो सांसद कार्यालय अपने? यथा समय पर संचालित रहेगा तथा कार्यालय में उपस्थित उनके प्रतिनिधियों के माध्यम से सारी जानकारी उन तक पहुंचती रहेगी एवं जनता की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास यथा स्थिति जारी रहेगा। सांसद से शिष्टाचार भेंट के समय जिलाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री राधा सिंह के साथ जिला उपाध्यक्ष डॉ रविन्द्र सिंह, जिलामंत्री विनोद चौबे, पूर्व प्रदेश कार्यालय मंत्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता, खेल प्रकोष्ठ संयोजक मृत्युंजय सिंह तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

# धनबाद रेलवे सांसद बैठक में श्रीकृष्ण गौतम ने ऊर्जांचल से जुड़ी मांगे रखीं

**सिंगरौली।** धनबाद रेलवे मंडल मुख्यालय के सभागार में धनबाद मंडल संसदीय समिति बैठक सांसद गण, महाप्रबंधक हाजीपुर छत्रसाल सिंह, डीआरएम धनबाद कमल किशोर सिन्हा उपस्थित में 28 जनवरी 2025 को आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, उत्तर मध्य रेलवे सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने भाग लिया। बैठक में श्री गौतम ने सिंगरौली- भोपाल, सिंगरौली- निजामुद्दीन, बरगवां- कटनी मेमू ट्रेन एवं कटनी- भुसावल ट्रेन का



रूट विस्तार चोपन रेलवे स्टेशन तक किए जाने, रांची- नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस वाया रेणुकूट को सप्ताह में दो दिन संचालित करने,अनपरा एवं शक्ति नगर रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित कर विकास कार्य करने, रांची-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन का रूट विस्तार सिंगरौली एवं शक्ति नगर रेलवे स्टेशन तक साप्ताहिक रूप से किए जाने, धनबाद- नासिक ट्रेन वाया चोपन, सिंगरौली को मुंबई तक रूट विस्तार तथा धनबाद- जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन को नियमित किए जाने की भी मांग रखी गई। हटिया- आनंद विहार, पटना- सिंगरौली एवं रांची -चोपन का स्टॉपेज विन्ढमगंज रेलवे स्टेशन पर किए जाने, सिंगरौली रेलवे स्टेशन से कोलयार्ड को शिफ्ट किए जाने तथा महदेईया रेलवे स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) निर्माण, मिर्चाधुरी एवं फफराकुन्ड पर रेल अंडरपास निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराये जाने की मांग रखी।

# प्रस्तावित नवीन जनपद कुलकवार को लेकर उठने लगे विरोध के स्वर

## नवीन जनपद बनने के बाद जनता होगी परेशान, गांवो से जनपद की बढ़ जाएगी दूरी

**सिंगरौली।** जिला पंचायत सिंगरौली क्षेत्र अंतर्गत संभावित नवीन जनपद पंचायतो को लेकर जो खाका तैयार किया जा रहा है। उसको लेकर अब राजनीतिक गलियारे मे हलचल होने लगी है प्रस्तावित नवीन जनपद कुलकवार को लेकर अभी से ही विरोध के स्वर उठने लगे हैं। नवीन जनपद बनने के बाद जनता परेशान होगी और गांवो से जनपद की दूरी बढ़ जाएगी। इसका आंकलन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि शायद नहीं कर रहे हैं। सिर्फ अपने फायदे की राजनीति को बढ़ाने के लिए जनता को उलझाने लगे हैं। अगर ऐसा हुआ तो जनप्रतिनिधियों को



इसका परिणाम भुगतना पड़ सकता है।

इधर बता दें कि सोशल मीडिया पर नवीन संभावित जनपद पंचायतो को लेकर एक पत्र काफी वायरल हो रहा है। जिसमें दर्शाया गया है कि जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत लगभग 7 पंचायत बनाने की कवायद की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिसमें जनपद पंचायत बैढ़न के अलावा माडा का भी प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसी तरह देवसर जनपद से अलग कर सरई को अलग पंचायत का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पत्र में जनपद पंचायत चितरंगी से अलग कर दुधमनिया और कुलकवार को जनपद पंचायत संभावित नवीन सूची तैयार की गई है। लेकिन कुलकवार को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं जब आम जनता संभावित नवीन जनपद पंचायत की सूची देखी तो कहा कि यह सब राजनीतिक करण हो रहा है। अगर कुलकवार को जनपद बनाया जाएगा तो इसका मुख्यालय क्या होगा। अगर मुख्यालय कुलकवार को किया जाएगा तो कई ऐसे गांव है जिन्हें 40 किलोमीटर से ऊपर की दूरी तय करना पड़ेगा। अभी फिलहाल यह सूची असंभावित है इसकी लंबी प्रक्रिया है लेकिन जिस तरीके से कुलकवार जनपद के लिए गांवो का चयन किया गया है। इस चयन में बू रही है। कई लोगों ने यहां तक कहा कि नेता लोग अपनी सुविधा से करवा रहे हैं जनता से उन्हें क्या लेना देना है।

### इन पंचायतों को होगी परेशानी

नवीन प्रस्तावित जनपद पंचायत कुलकवार में लगभग 42 गांवो को लिया जा रहा है। जिसमें धानी, कोरसर, वर्दी, बरहट, धरौली कला, खैरा, गड़वानी, सुकहर, ओड़नी, चितावल खुर्द, बगदरा कला, खटाई, गागी, माचीकला, विजयपुर, मिसिरगवां सहित कई गांवों की जनता को परेशान होना पड़ेगा। जनपद का विस्तार इसलिए किया जाता है ताकि जनता को सही तरीके से विकास मिल सके और सुगमता रहे। लेकिन जो नामो का चयन कुलकवार के लिए किया गया है वह कहीं न कहीं राजनीतिक ध्रुवीकरण है।

# निवास के कटरा जंगल मे कार पेड़ से टकराई, पति-पत्नी की मौत

## नागपुर से दवा करवाकर वापस सरई लौट रहे व्यवसाई, सांसद व विधायक पहुचे

**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना क्षेत्र के सरई बाजार के निवासी दशरथ गुप्ता पिता सरजू गुप्ता उम्र 65 वर्ष अपनी पत्नी कैलाशबती गुप्ता उम्र 60 वर्ष व बेटे संतोष गुप्ता पिता दशरथ गुप्ता व साला के बेटे यनि कि अपने भतीते संदीप गुप्ता छोटे पिता गोपाल गुप्ता उम्र 30 वर्ष से साथ नागपुर से दवा कराकर वापस घर सरई ग्राम लौट रहे थे तभी सरई थाना क्षेत्र निवास चौकी क्षेत्र के जैसे ही यह कटरा जंगल के पास पहुंचे जिस वाहन मे सवार से वह वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से सुबह 5 बजे के करीबन टकरा गया। वाहन एसयूवी क्रमांक एमपी 66 सीए 0893 मे सवार थे, वाहन सामने से पेड़ में टकराया हैं। इस घटना में चारों लोगों को चोट आई है। जिसके बाद चारों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास ले जाया गया जहां दशरथ गुप्ता को डॉक्टरों द्वारा मृत्यु घोषित कर दिया गया। एवं बाकी अन्य घायलों को बैढन के



लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद मृतक दशरथ गुप्ता की पत्नी की रास्ते में बरगवां पंहुचते ही दम तोड़ दिया। एवं मृतक का बड़ा लड़का संतोष गुप्ता का एवं मृतक के भतीजे संदीप गुप्ता छोटे का इलाज बैढन मे ही चल रहा है। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हैं। बता दें कि दशरथ गुप्ता हार्ट के पेशेंट थे तो वही उनकी पत्नी कैलाश बत्ती गुप्ता शुगर की पेशेंट थी जिनका इलाज कराने 27 जनवरी को सरई ग्राम से पर्सनल वाहन से नागपुर के लिए गए थे जो वापस आ रहे थे तभी यह हादसा 5 बजे के करीब हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में मातम छा गया है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने और अंतिम दर्शन के लिए सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं देवसर विधायक डॉ.राजेंद्र मेश्राम पहुंचे, जहां श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

# वाहनो से अवैध वसूली करने वाले 2 आरोपियों को जयंत पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी की सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी जयंत सुधाकर सिंह परिहार एवं उनकी टीम द्वारा कोल वाहनो से अवैध वसूली करने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है । जानकारी मे बताया गया कि फरियादी चौकी उपस्थित आकर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि 29 जनवरी को अपनी गाडी बीआर-24 जीसी 7305 को मोरवा से लोड करने निगाही खदान के अन्दर जा रहा था, निगाही खदान तरफ काफी ज्यादा गाडी होने से मैं भी इण्डियन ऑयल डिपो के आगे पार्किंग में खडा कर दिया तभी करीवन 1 बजे 3-4 व्यक्ति आये और बोला कि पार्किंग का पैसा लगेगा तब मै मना किया तो बोला पैसा तो देना पड़ेगा और माँ बहन की गाली देकर बोलने लगा कि पैसा दो नही तो जान से खतम कर देगे, तब मैंने डर के कारण पैसे निकालकर दे दिया तभी बीच बचाव करने आसपास के लोग आये जिनसे मैं पूछा कि उक्त व्यक्ति कौन है, एवं क्या नाम है, तब उक्त लोगो द्वारा बताया गया कि इनमें से गोविन्दा वर्मा, देव कुमार शाह, एवं इनके अन्य साथी है, रिपोर्ट पर अपराध क0-09/25 धारा-308 (2), 308(3), 296, 351 (2), 3 (5) बीएनएस का अपराध पंजीवद्द कर विवेचना में लिया गया, दौरान विवेचना आरोपी गोविन्दा वर्मा पिता रामकृपाल वर्मा उम्र-23 वर्ष, निवासी बनौली थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली मप्र एवं देव कुमार शाह पिता लाले प्रसाद शाह उम्र-21 वर्ष निवासी बनौली थाना विन्ध्यनगर को को गिरफतार किया गया है।

# रोक के बावजूद रिहंद नदी से रेत का अवैध खनन जारी, एसपी साहब ध्यान दें

## माफियाओं ने नदी के बीचों बीच रेत किया डंप, पुलिस बनी अंजान

**सिंगरौली।** रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है उनके जेब में पुलिस और पत्रकार टारगेट में होने की बात सामने आ रही है। हालात कह रहे हैं कि रिंहद नदी से रेत खनन में प्रतिबंध के बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है. माफियाओं द्वारा लगातार नदी से रेत निकाली जा रही है. नदी से रेत निकालकर नदी के बीचो-बीच रेत स्टाक किया हैं।हर दिन रात बिना नंबर ट्रैक्टर ट्रालियों से रेत बेची जा रही है। यह सब पुलिस के संरक्षण में हो रहा है। रेत की अवैध खनन और परिवहन को लेकर पुलिस अधीक्षक को ध्यान देने की जरूरत है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बलियरी से लगे रिहंद नदी में रेत का अवैध खनन और परिवहन कार्य जारी है। रेत माफिया रिहंद नदी से रेत निकालकर नदी के बीचो-बीच 5 सैकड़ा ट्रैक्टर के करीब रेत स्टॉक किए हैं। रिहंद नदी के किनारे से रास्ता बनाकर नदी के बीच में पहुंच रहे हैं। यहां पानी भरे होने से सिर्फ ट्रैक्टर ट्राली ही पहुंचती है। बड़ी बात यह है कि खनिज और पुलिस अधिकारी इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे है, इससे पुलिस के अफसरों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। चर्चा ऐसी भी है कि अफसर और नेता और माफिया की सांठगांठ से ही रिंहद नदी में रेत का अवैध कारोबार चल रहा है।

रिंहद नदी से प्रतिदिन सैकड़ो ट्रैक्टर रेत के खनन और परिवहन में लगे हैं। रेत माफियाओं और पुलिस के सांठगांठ के चलते बिना रायल्टी के रेत तो निकाला ही जा रहा है। इसके साथ ही ओवरलोडिंग से क्षेत्र की सड़कें भी खराब हो रही है, इसके साथ हादसे हो रहे हैं, इस कारण से शहरवासियों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस रेत के खनन को लेकर चुप्पी साधें हुए हैं। रेत के अवैध खनन और परिवहन से पुलिस अधिकारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# यातायात प्रभारी ने ली बस एसोसिएशन की बैठक

**सिंगरौली।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और दुर्घटनारहित बनाने के उद्देश्य से आज बुधवार को थाना यातायात परिसर में बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सीएसपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दीपेन्द्र सिंह कुसवाह द्वारा आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना, जाम की स्थिति से निपटना तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम करना था। बैठक में बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया और यातायात पुलिस द्वारा उन्हें बस संचालन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए।

# टीबी मरीजों के लिए पोषण आहार, अदाणी फाउंडेशन और प्रशासन की पहल

**सिंगरौली।** जिले में टीबी मरीजों के स्वास्थ्य सुधार और पोषण आपूर्ति को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला की सकारात्मक पहल और अदाणी फाउंडेशन बंधौरा सिंगरौली के सहयोग से 500 फूड बास्केट प्रदान करने की सहमति दी गई है। इसी क्रम में, आज 280 फूड बास्केट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. एनके जैन के अधिपत्य में सौंपे गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनके जैन ने निर्देश दिए कि इन फूड बास्केट को जल्द से जल्द सभी टीबी मरीजों तक पहुंचाया जाए, ताकि उन्हें आवश्यक पोषण मिल सके और उनके उपचार में सहायता मिले।



पोषण आहार की यह पहल टीबी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में सहायक सिद्ध होगी और उनकी प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करेगी। डॉ जैन ने बताया कि अदाणी फाउंडेशन की यह पहल टीबी मरीजों के लिए बड़ा राहत प्रयास जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग धन्यवाद देता है ।अदाणी फाउंडेशन बंधौरा के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व हेड मनोज प्रभाकर ने 280 फूड बास्केट उपलब्ध कराते हुए कहा कि अदाणी फाउंडेशन टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहा है। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य केवल फूड बास्केट वितरित करना नहीं, बल्कि देश को टीबी मुक्त बनाने में योगदान देना है।इस पहल के अंतर्गत, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और अदाणी फाउंडेशन का यह संयुक्त प्रयास न केवल टीबी मरीजों के लिए राहतकारी होगा बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को भी बढ़ावा देगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल्द ही शेष 220 फूड बास्केट भी वितरित किए जाएंगे, जिससे जिले के सभी टीबी मरीजों को इसका लाभ मिल सके। भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत यह पहल सिंगरौली जिले में एक मिसाल कायम कर रही है। प्रशासन और निजी संस्थाओं की यह सहभागिता यह दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से गंभीर बीमारियों के खिलाफ प्रभावी रूप से लड़ाई लड़ी जा सकती है।

# अधिकारियों-कर्मचारियों के आईएफएमआईएस प्रोफाइल में समग्र आईडी की प्रविष्टि करनी होगी

**सीधी।** अपर कलेक्टर अंशुमन राज ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. शासन वित्त विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन म.प्र. भोपाल के पत्र दिनांक 14.12.2024 में दिए गये निर्देशानुसार समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकारियों- कर्मचारियों के आईएफएम आईएस में उनके स्वयं के लॉगिन से समग्र आईडी की प्रविष्टि आगामी दिनांक 28.02.2025 के पूर्व तक पूर्ण कर अद्यतन किया जाना है। प्रथम चरण में नियमित शासकीय सेवकों के लिये समग्र आईडी की प्रविष्टि की कार्यवाही किया जाना है। द्वितीय चरण में मानदेयी/ संविदा/ दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों को भी उपर्युक्त कार्य करना होगा।

उन्होंने बताया कि समस्त शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वह आईएफएमआईएस के अंतर्गत इम्प्लॉइ सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि करनें के लिए सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि आईएफएमआईएस/आधार एवं समग्र में नाम की एकरूपता हो तथा समग्र आईडी से आधार एवं मोबाईल नं. लिंक हो।

समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के विभागीय भविष्य निधि (डीपीएफ) का बैलेंस आईएफएमआईएस में अद्यतन किये जानें के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश एवं एसओपी जारी किया गया था किन्तु आज दिनांक तक 18 विभिन्न विभागों के कुल 128 डीपीएफ श्रेणी के कर्मचारियों के डीपीएफ बैलेंस अद्यतन नहीं हो सका है। एक्सेल शीट का अवलोकन कर डीडीओ से संबंधित लंबित कर्मचारियों की जानकारी तैयार कर कोषालय सीधी की ओर अविलम्ब वित्तीय वर्षवार उपलब्ध करावें। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सीधी में सर्वाधिक 35 एवं 07 तहसील कार्यालयों में 56 डीपीएफ श्रेणी के सेवकों के बैलेंस अद्यतन किये जानें के लिए शेष है।

एनपीएस मिसिंग क्रेडिट्स से संबंधित लंबित व्हाउचर 27 डीडीओ के आर और डी में परीक्षण कर पूर्व में अवगत कराये गये प्रक्रिया अनुसार देयक सबमिट कर संबंधित कर्मचारी का प्रान खाते में राशि समायोजन करें। कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब पूर्ण करें । इसी प्रकार आईएफएमआईएस अंतर्गत ईएसएस प्रोफाइल में शासकीय सेवकों की ईएसएस प्रोफाइल पूर्ण करें जिसमें पेन नम्बर एवं परिवार के सभी सदस्यों का नाम, परिवार विवरण में एवं नॉमिनी डिटेल्स में नॉमिनी का विवरण अनिवार्य रूप से इंद्राज करें।

फेल्ड ट्राजेक्शन असफल ई-भुगतान की सूची पूर्व में संबंधित समस्त डीडीओ को उपलब्ध करायी गई थी तथा स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि असफल भुगतान के चालानों का नियमानुसार परीक्षण कर रिफंड के देयक तैयार कर कोषालय की ओर अतिशीघ्र प्रस्तुत करें। किन्तु संबंधित डीडीओ द्वारा आज दिनांक तक उक्त कार्यवाही पूर्ण नहीं किया गया एवं न ही एसओपी अनुसार फेल्ड चालानों की राशियों को 0075-00-101 में अंतरित किया गया।

उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उल्लेखित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एवं जिला कोषालय सीधी से आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर कार्य पूर्णता का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति उत्पन्न होनें पर संबंधित डीडीओ/कार्यालय प्रमुख स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय 9वीं एवं 11वीं प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

**सीधी।** प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट एवं सीधी में दिनांक 08.02.2025 को होगा। परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्टिंग का समय 10.30 बजे है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड एवं प्रिंट कर के परीक्षा में उपस्थित हों किसी तरह के सुधार हेतु दिनांक 03.02.2025 तक जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में सम्पर्क कर सकते हैं।

उन्होने बताया कि कक्षा 9वीं की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 480 विद्यार्थी जो कि अनुक्रमांक 202422 से 202829 तक, सीधी क्रमांक 01 में 600 विद्यार्थी 202830 से 203429 तक एवं सीधी क्रमांक 02 में 396 विद्यार्थी 203430 से 203825 तक तथा कक्षा 11वीं की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 154 विद्यार्थी 137554 से 137707 तक विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की : महाराज



**सीधी।** सीधी नगर के वार्ड क्रमांक 10 में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ दिवस में आनंद में झूम उठा नगर भक्तिमय आयोजन के चतुर्थ दिवस की कथा में व्यास पीठ पर विराजमान परम पूज्य आचार्य श्री पवन जी महाराज ने भक्तों को भगवान की कथा सुनते हुए इस भवसागर से पर होने का एक उत्तम साधन बताया कि इस कलीकाल में हर व्यक्ति के पास समय का अभाव रहता है इसलिए समय न मिलने के कारण व्यक्ति यज्ञ आदि में समय कम दे पता है परंतु यदि कोई भगवान का केवल और केवल नाम ले ले तो वह इस भवसागर से पर हो जाता है

कलयुग केवल नाम अधारा
सुमिरे सुमिर नर उतरही पारा

इस संदर्भ में पूज्य महाराज जी ने महाराज जड़ भारत की कथा, भूगोल खगोल की कथा, अजामिल की कथा, गजेंद्र मोक्ष तथा प्रहलाद जी की कथा को सुनते हुए वामन चरित्र एवं राम अवतार की कथा को सुनते हुए कृष्ण जन्म तक के कथा का भक्तों को आनंद के साथ श्रवण कराया कथा को श्रवण करने मुख्य रूप से चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रीमती पुष्पा सिंह एवं संध्या मणि सिंह के साथ आयोजक उत्सव सिंह टिंकू ने तमाम नगर के जनता जर्नादनों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारे और भगवान की कथा सुन पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## श्रमोदय आवासीय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**सीधी।** श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों को श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 06वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों से दिनांक 10.01.2025 से 31.01.2025 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 09.02.2025 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

# कोदौरा पंचायत में अवैध रूप से चल रहीं कबाड़ की दुकानें

**सीधी।** जनपद सिहावल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदौरा मुख्य चौराहा में अवैध रूप से खुलेआम चौराहा पर कबाड़ की दुकानें चल रहा है। कबाड़ के व्यापार पर प्रशासन कभी ध्यान नहीं देता। इसमें दारू खोर की वजह से आपस में जगह-जगह चोरी करेंगे विद्यालयों की खिडक़ी, किसी घर के समान का चोरी करके इन कबाड़ की दुकानों पर बिक्री करते हैं। प्रशासन इन पर कभी कार्यवाही की हिम्मत नहीं जुटा पाता। वहीं जब दुकान दार से जानना चाहा उन्होंने बाहरी में ठेकेदार का नाम बताया क्या ठेकेदार का लाइसेंस बाहरी में मिल जाने से क्या यहां भी चौराहे पर भी कवाड़ की दुकान खोल सकता है। लाइसेंस किसी एक आदमी का व्यापार 10 लोग चला रहे हैं ऐसे में जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन के कभी कबाड़ की दुकानों का निरीक्षण और कार्यवाही तक नहीं करता इसीलिए क्षेत्र के आसपास लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और क्षेत्रीय प्रशासन कभी इंक्वारी तक नहीं करता और जगह-जगह विभिन्न ग्राम पंचायत में दुकान खोलकर खुलेआम कबाड़ का व्यापार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। व्यापारी क्या खबर लगाने के बाद क्या प्रशासन जागेगा या प्रशासन कार्रवाई करेगा या ऐसे ही खुले हम व्यापार चलता रहेगा।

### मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सीधी के द्वारा

# प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल को किया गया सम्मानित

**सीधी।** सीधी मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सीधी के अध्यक्ष चित्र सेन गौतम के द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय निर्देशानुसार दिनांक 26 जनवरी 2025 को माननीय दिलीप जायसवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लघु एवं कुटीर उद्योग मध्य प्रदेश शासन भोपाल एवं सीधी जिले के प्रभारी मंत्री के द्वारा 51 सूत्रीय मांग पत्र माननीय मंत्री जी के द्वारा अपना अमूल्य समय देकर सर्किट हाउस सीधी में प्राप्त किया गया माननीय प्रभारी मंत्री का सर्किट हाउस में मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी



संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सीधी के द्वारा साल श्रीफल एवं फूल माला एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के सहयोगी संगठन अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग के संभागीय अध्यक्ष श्री राकेश जयसवाल राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष आर एस गौतम लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती शांति बंसल उपाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह कार्यकारी अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह द्वारा माननीय प्रभारी मंत्री के सम्मान समारोह में उपस्थित रहे उक्त उपस्थिति सहयोगी संगठन के जिला अध्यक्षों के द्वारा दिनांक 7 फरवरी को लंच की अवधि में अधिक से अधिक के तादाद में धरना स्थल विथिका भवन में शामिल होकर अपने मत व्यक्त करते हुए नारेबाजी से अपनी आवाज माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं श्रीमान मुख्य सचिव महोदय तक पहुंचने का प्रयास करने की अपील की गई सहयोगी संगठन के उपस्थित जिला अध्यक्षों के द्वारा कहा गया कि जिस संगठन के जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शामिल नहीं हो रहे हैं उनके प्रांतीय अध्यक्ष को अवगत कराकर मोर्चा के बैनर तले शामिल करने का प्रयास करें यदि प्रांतीय अध्यक्ष का भी कहना नहीं मानते तो जिला अध्यक्ष का परिवर्तन कर नवीन जिला अध्यक्ष मनोनीत करने का अनुरोध करने संबंधी सुझाव दिया गया मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 20 मान्यता प्राप्त एवं 33 गैर मान्यता प्राप्त संगठन शामिल हैं सभी को दिनांक 7 फरवरी 2025 को धरना स्थल में लंच अवधि 1:30 बजे से 2:00 बजे पीएम तक आधा घंटे धरना स्थल में उपस्थित रहकर नारेबाजी कर अपनी आवाज बुलंद करने का अनुरोध किया गया है।

# जिले के गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में एकलव्य स्कूल हड़बड़ो के छात्रों को मिला प्रथम स्थान

**सीधी।** जिला प्रशासन सीधी द्वारा आयोजित परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हड़बड़ो के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परेड में पूरे जिले में प्रथम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। साथ ही पी.टी. में 60 छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी है। अपनी प्रतिभाओ से एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हड़बड़ो के छात्र छात्राओं ने स्कूल के साथ-साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया है।



छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह, संरक्षक शीलध्वज सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, श्यामलाल शर्मा, प्राचार्य स्वेता सिंह, राजेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मनीता सिंह, प्रीति शुक्ला, मनोज खरे, संजय पाण्डेय, सचिन सिंह, विदित सिंह, अरविंद सिंह, संध्या शुक्ला, नमिता सिंह, सुनीता विश्वकर्मा, ज्योतिप्रभा द्विवेदी, करूणा मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, सोनू सिंह, शशिमा सिंह, माधव सिंह, रजनीश पांडे, अर्पिता सिंह, भूपेंद्र पाण्डेय,अनूप लखेरा, अंकिता सेन, संतोष यादव, सन्नी बैगा, अभिषेक तिवारी, शशिकांत दीक्षित, आंचल सिंह, विपुल तिवारी, मनीष मौर्या, काजल केवट लालजी वर्मा एवं समस्त विद्यालयीन परिवार एवं अभिभावकों द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# खेल के आयोजनों से बढ़ता है आपसी सामाजिक सद्भाव : अजय

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत बघवार में सव्यसांची समिति के सौजन्य से आयोजित कुंवर अर्जुन सिंह स्मृति अखिल भारतीय बालीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह की उपस्थिति में खेला गया। जिसमें गुजरात ने चंडीगढ़ को 3-2 सेट में हराकर विजेता का खिताब अर्जित किया। मुख्य अतिथि अजय सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदौरिया, सचिव प्रशांत सिंह, उपाध्यक्ष केडी सिंह, अखिलेश पाण्डेय के द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी एवं नकद पुरुस्कार दिया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अजय सिंह राहुल भैया ने कहा कि बघवार चुरहट विधानसभा क्षेत्र का सिरमौर है। छुहिया घाटी उतरते ही बघवार की सीमा प्रारंभ हो जाती है। बघवार के लोग हमेंशा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करते रहे हैं। उन्होने अखिल भारतीय बालीबाल प्रतियोगिता के आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी प्रेम सद्भाव बढ़ता है तो वहीं युवा खिलाड़ियों को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। बघवार जैसे गांव में अखिल भारतीय स्तर के प्रतियोगिता का आयोजन करना साधारण बात नहीं है किंतु यहां के लोगों की लगन एवं मेहनत के कारण ऐसे आयोजन सफलता की ओर अग्रसर हो जाते हैं। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष केडी सिंह के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तो वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदौरिया के द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में विस्तार से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। आयोजन समिति के सचिव प्रशांत सिंह के द्वारा अखिल भारतीय बॉलीबाल प्रतियोगिता में आए सभी अतिथियों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया गया।

# जनता के हर हितों के साथ हम लड़ेंगे न्याय की लड़ाई : कमलेश्वर

### आंदोलनकारियों के बीच पहुंचे पूर्व मंत्री कमलेश्वर

**सीधी।** रेल प्रभावित किसानों के साथ हो रहे अन्यय को लेकर वीथिका भवन में करीब चार माह से ऊपर आंदोलन हो रहा है लेकिन न्याय न मिलने को लेकर जब पूर्व मंत्री सीडब्ल्यूसी सदस्य धरना स्थल पर पहुंचे उस दौरान आंदोलन के मुखिया विवेक पाण्डेय भी मौजूद थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि हम जनता के हितों के लिए सदैव लड़ाई लडेंगे। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने विवेक पाण्डेय को ढ़ाढस बंधाया कि आप संघर्ष कर रहे हैं वह काबिलेतारीफ है। हम आपके साथ लड़ाई लडेंगे। इस दौरान वहां मौजूद कई लोगों ने अपना दुखड़ा भी कमलेश्वर पटेल के साथ सुनाया। जहां कि रेल से प्रभावित लोगों के द्वारा न्याय न मिलने की बात की गई। इस मामले में श्री पटेल ने कहा कि हमने कुछ दिन पहले कुबरी मे इसी मामले को लेकर धरना दिया था। जिसमें प्रशासन अब पहल करना शुरू की हे। यदि यहां जो धरना दे रहे हैं उनके साथ अन्याय हुआ है हमें इस बात की जानकारी मिली है। हम जरूरत प्रशासन से अवगत कराएंगे। यदि न्याय नहीं मिलता तो धरना सहित आंदेलन भी करने के लिए विवश होंगे। साथ ही उन्होने विवेक पाण्डेय सहित अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने वालों को ढ़ाढ़स बंधाते हुए कहा कि आप संघर्ष कर रहे हैं। हम आपके साथ लड़ाई लडने् के लिए तैयार हैं। जहां प्रशासन की नाकामी होगी उसके लिए हम संघर्ष करेंगे।

धरना स्थल में पहुंचे पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने एक जवाब में कहा कि रेल तो उस समय भी आती थी जब संजय गांधी कॉलेज मैदान में बड़ा कार्यक्रम हुआ था। अभी तक नहीं आई। अब डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला कह रहे हैं कि जून 2025 तक रेल आएगी।

# गेंहू उपार्जन के लिए एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर

### संबंधित संस्था को किसान पंजीयन केन्द्र के रूप में कार्य करने पोर्टल पर करना होगा आवेदन

### साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्रों पर भी पंजीयन की सुविधा रहेगी

**सीधी।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन के संबंध में राज्य शासन द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं। किसान पंजीयन की समयावधि 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जाना है। एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्रों और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर पंजीयन हेतु शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में निर्देशानुसार प्रति पंजीयन हेतु 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया गया है। इस प्रकार प्रति पंजीयन हेतु 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस एवं समस्त जिला समन्वयक एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र संचालक को निर्देशित किया है कि आपके निर्देशन में संचालित उक्त केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगायें जायें। बैनर न्यूनतम 5गुणा3 साईज का हो तथा यह बैनर स्वयं प्रतिष्ठान द्वारा अपने व्यय पर लगाया जाए तथा डीएसओ लॉगइन हेतु आवेदन प्रेषण करने के पूर्व प्रत्येक एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र प्रबंधकों द्वारा एमपी ई उपार्जन पोर्टल पर पूर्ण रूप से सही स्पष्ट भरी जाए तथा संलग्न किये जा रहे शपथ पत्र कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा करने के निर्देश देवे।

यह ध्यान देंगे कि किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड अनिवार्य रूप से रखा जाएगा इसलिए प्रत्येक किसान से आवश्यक दस्तावेज स्पष्ट प्राप्त करने के निर्देश अधीनस्थ एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) लोकसेवा केन्द्र साइबर कैफे के प्रबंधकों को देवे तथा साथ ही यह भी निर्देश देवे कि सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वनपट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध रहेगा तथा उक्त श्रेणी का पंजीयन साइबर कैफे पर बिलकुल भी न कराया जाये।

उन्होने कृषकों के पंजीयन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र संचालकों से अधिक से अधिक मात्रा में एवं न्यूनतम पंजीयन शुल्क के प्रस्ताव सहित पंजीयन केन्द्र स्थापना हेतु आवेदन प्राप्त कर स्थापित किए जाने हेतु अनुशंसा सहित केन्द्रों की सूची जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं जिससे आगामी कार्यवाही की जा सके।

तहसील कुसमी में सेवा सहकारी संस्था टमसार, आदिम जाति सेवा सहाकरी संस्था लुरघुटी, सेवा सहकारी संस्था भुईमाड, गोपद बनास अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सीधी खुर्द, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था सारोकला, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चौफाल, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चौफाल माटा, सेवा सहकारी संस्था सेमरिया, सेवा सहकारी संस्था अमरवाह एवं सेवा सहकारी संस्था गांधीग्राम, चुरहट अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सांडा, सेवा सहकारी संस्था सांडा बडाटीकट, सेवा सहकारी संस्था बेल्दह एवं सेवा सहकारी संस्था बेल्दह चुरहट, बहरी अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था चंदवाही, सेवा सहकारी संस्था चंदवाही बघोर, सेवा सहकारी संस्था अमरपुर, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था सारोकला सपही, सेवा सहकारी संस्था अमरपुर, सिहावल अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था बमुरी, सेवा सहकारी संस्था बमुरी बिठौली, सेवा सहकारी संस्था पतुलखी, एवं सेवा सहकारी संस्था अमिरती, रामपुर नैकिन अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था रामपुर नैकिन, सेवा सहकारी संस्था रामपुर नैकिन कुडिया, सेवा सहकारी संस्था कंधवार, सेवा सहकारी संस्था कंधवार बडखरा, सेवा सहकारी संस्था गुजरेड, सेवा सहकारी संस्था गुजरेड खड्डी, सेवा सहकारी संस्था अमरवाह धनहा तथा मझौली अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था ताला, सेवा सहकारी संस्था मझौली, सेवा सहकारी संस्था मडवास, सेवा सहकारी संस्था मड़वास गिजवार एवं सेवा सहकारी संस्था टिकरी में पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं।

## संपादकीय

### बड़ी कामयाबी

26/11 यानी मुंबई आतंकी हमले के बहुचर्चित आरोपी तहव्वुर राणा का अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में दायर रिव्यू पिटिशन खारिज होने के बाद उसके प्रत्यर्पण की राह खुल गई है। यह भारत की एक अहम कूटनीतिक और कानूनी जीत तो है ही, आतंक के कारोबारियों को न्याय की वेदी पर ला पटकने के वैश्विक अभियान के लिहाज से भी एक बड़ा कदम है। 2008 का मुंबई आतंकी हमला न केवल देशवासियों को स्तब्ध कर देने वाला था बल्कि इसने पूरी दुनिया को सकते में डाल दिया। जिस तरह समुद्री मार्ग से आए लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों ने भारत की वित्तीय राजधानी को बंधक सा बना लिया और यहां तीन दिनों तक आतंक का खेल खेलते रहे, उसे भुलाना मुश्किल है। इस हमले से जुड़े कई आतंकी इस दौरान मारे भी जा चुके हैं, लेकिन भारत की न्याय व्यवस्था का सामना करने की जहां तक बात है तो कसाब के बाद तहव्वुर राणा दूसरा प्रमुख चेहरा होगा। आतंक के इस खेल में मोहरे बने लोग भले सामने नजर आते हों, उनकी भूमिका नगण्य ही होती है। असल भूमिका इन्हें परदे के पीछे से बढ़ावा देने वाले उन लोगों की होती है जो आम तौर पर परदे के पीछे ही बने रहते हैं। तहव्वुर राणा का यह प्रत्यर्पण इस लिहाज से भी अहम है। वह न केवल मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रहा बल्कि कनाडा जा बसने से पहले पाकिस्तान आर्मी में मेडकल ऑफिसर के तौर पर भी काम करता रहा है। आश्चर्य नहीं कि 26/11 केस में पब्लिक प्रॉसीक्यूटर रहे उज्ज्वल निकम समेत कई लोग मानते हैं कि यह प्रत्यर्पण इस मामले में पाकिस्तानी सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े अफसरों की भूमिका पर भी बेहतर ढंग से रोशनी डाल सकता है। ऐसे में बहुत महत्वपूर्ण है कि आने वाली चुनौतियों की गंभीरता को समझते हुए एक-एक कदम फूंक-फूंक कर बढ़ाया जाए। राणा की सुरक्षा सुनिश्चित करना और तमाम अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए आगे बढ़ना जितना जरूरी है, उतना ही महत्वपूर्ण है कूटनीतिक मोर्चे पर सावधानी बनाए रखना।

**अरविंद केजरीवाल ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एक बार फिर फ्रीबीज की झड़ी लगाई है। कितने सफल होंगे ये तो आने वाला समय ही तय करेगा। पर, अब इतना जरूर है, लोग फ्री की सौगातों से ऊबने लगे है। श्रमबल को तरजीह देने वाली आधी आबादी, भी अब मुफ्त की चुनावी रेबड़ियों पर ध्यान नहीं देगी। इसी कारण जारी दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में महिला वोटरों की उदासीनता बड़े पैमाने पर दिखने लगी है। पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के कूदे कुल 699 उम्मीदवारों में 96 महिला कैंडिडेट भी हैं। पर, वैसा उत्साह नहीं दिखता, जितना पिछले चुनावों में दिखा था। जबकि, प्रमुख दल आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस तीनों महिला वोटरों को रिझाने में मुफ्त के वादों की झड़ी लगाए हुए हैं।**

# दिल्ली चुनाव में महिला वोटरों की उदासीनता, फ्री बोतल के खिलाफ आधी आबादी

(डॉ. रमेश ठाकुर)

महिलाओं की उदासीनता के बूते ही दिल्ली चुनाव इस बार नई तस्वीर पेश करेगा। मौजूदा सरकार की शराब पॉलिसी को लेकर महिलाएं खासी नाराज हैं। सरकार की नई शराब नीति में 'एक पर एक फ्री बोतल' पॉलिसी ने कइयों के घर बर्बाद कर दिए।

अरविंद केजरीवाल ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एक बार फिर फ्रीबीज की झड़ी लगाई है। कितने सफल होंगे ये तो आने वाला समय ही तय करेगा। पर, अब इतना जरूर है, लोग फ्री की सौगातों से ऊबने लगे है। श्रमबल को तरजीह देने वाली आधी आबादी, भी अब मुफ्त की चुनावी रेबड़ियों पर ध्यान नहीं देगी। इसी कारण जारी दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में महिला वोटरों की उदासीनता बड़े पैमाने पर दिखने लगी है। पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के कूदे कुल 699 उम्मीदवारों में 96 महिला कैंडिडेट भी हैं। पर, वैसा उत्साह नहीं दिखता, जितना पिछले चुनावों में दिखा था। जबकि, प्रमुख दल आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस तीनों महिला वोटरों को रिझाने में मुफ्त के वादों की झड़ी लगाए हुए हैं। कोई 2100 रूपए देने का वादा कर रहा है तो 2500 और 3000 तक भी? फ्री बस सेवा सभी के एजेंड़ों में हैं। अब, सवाल यहां ये उठता है, इतनेलुभावने वादों के बाद भी महिला वोटरों में उत्साह क्यों नहीं है? इस डरावनी तस्वीर से न सिर्फ सफेदपोश परेशान हैं, बल्कि चुनाव आयोग भी चिंतित है। चुनावी समर में लगातार तेजी से गिरता वोटिग प्रतिशत चुनावी प्रक्रिया के अलावा लोकतंत्र के लिए भी घातक है। जबकि, बीते 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में महिलाओं का वोटिंग स्कोर पुरुषों के मुकाबले अधिक था।

शायद, महिलाएं भी अब समझ चुकी हैं कि फ्री के नाम पर राजनीतिक दल उन्हें वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने लगे हैं? महिलाएं बुनियादी मुद्दों की गंभीरताओं को अच्छे से समझती हैं। राज्य तरक्की करे उसमें उनकी भागीदारी हो, को ध्यान में रखकर ज्यादातर महिलाएं मुफ्त की रेवड़ियां से तौबा करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में एक ताजा और बेहतरीन उदाहरण सामने है। पिछले विधानसभा चुनाव में बिहार में जब नीतीश कुमार ने शराब बंदी का ऐलान करके चुनाव लड़ा, तो महिलाओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया और उन्हें सत्ता पर बैठा दिया। देश और



सामाजिक उद्धार वाले मुद्दों के प्रति महिलाएं कितनी सजग हैं, इससे खूबशूरत उदाहरण दूसरा कोई नहीं हो सकता। केंद्रीय स्तर पर जब से आत्मनिर्भरता की अलख चहुंओर जगी है। तब, से महिलाएं भी श्रमबल को ज्यादा तवज्जो देनी लगी हैं। ये अच्छी बात है, इससे राजनीतिक दल अपनी हरकतों से बाज आएंगे। शायद यही कारण है दिल्ली में महिलाओं की चुनाव के प्रति उदासीनता है। क्योंकि, सभी दल मुद्दों-समस्याओं को छोड़कर फ्री की सेल लगाकर बैठे हैं। ऐसे दलों का पुरजोर विरोध होना ही चाहिए। विरोध से ही सरकारें टैक्सपेयर्स का पैसा बर्बाद करने से पीछे हटेंगी।

महिलाओं की उदासीनता के बूते ही दिल्ली चुनाव इस बार नई तस्वीर पेश करेगा। मौजूदा सरकार की शराब पॉलिसी को लेकर महिलाएं खासी नाराज हैं। सरकार की नई शराब नीति में 'एक पर एक फ्री बोतल' पॉलिसी ने कईयों के घर बर्बाद कर दिए। जो नहीं पीता था, वो भी फ्री के चक्कर में पीने लगा। मौजूदा सरकार अगर सत्ता से बेदखल होती है, तो शराब ऑफर उसका मुख्य कारण होगा। वैसे, कम होती वोटिंग विधा की तल्ख सच्चाई से चुनाव और सियासी दल अच्छे से वाकिफ हैं। लेकिन उस हकीकत को दोनों कभी उजागर नहीं करना चाहेंगे। हकीकत ये है, चुनावों में अगर ग्रामीण, मध्यमवर्ग और महिलाएं हिस्सा न लें? तो वोटिंग प्रतिशत और धरातल में घुस जाए। वोटिंग से शिक्षित वर्ग, वर्किंग लोग लगातार दूरियां बनाने लगे हैं। मतदान के दिन वह छुट्टियां मनाते हैं, बा-मुश्किल ही घरों से उस दिन बाहर निकलते हैं।

दिल्ली में इस बार जितने नए वोटर जुड़ें हैं उनमें पुरूषों के मुकाबले महिलाएं मतदाता काफी पीछे हैं। ये स्थिति तब है, जब दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रहे तीनों प्रमुख दलों के घोषणाओं में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की मूसलाधार भरमारें हैं। आप, भाजपा व कांग्रेस तीनों दल आधी आबादी को अपने पाले में करने की भरसक कोशिशें में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची पर अगर गौर करें, तो पुरुष मतदाताओं से महिलाओं की संख्या काफी कम है। इस बार दिल्ली में कुल 1,55,24,858 मतदाता अपने मतों का 5 फरवरी को इस्तेमाल करेंगे जिनमें पुरुषों की संख्या 85,49,645 और महिलाओं की संख्या 71,73,952 है। बीच में अंतर अच्छा खासा है।

हालांकि, दिल्ली चुनाव आयोग ने मदतान बढ़ाने को लेकर एक नायाब तरीका अपनाया है। उन्होंने दिल्ली के तकरीबन स्कूलों को आदेशित किया है कि वह छात्रों के जरिए उनके माता-पिता व अन्य परिवारजनों से वोटिंग करने को लेकर लिखित में संकल्पित करवाएं। इसके लिए बाकायदा छात्रों से एक संकल्प पत्र दिया गया हैं जिस पर उनके अभिभावक वोट देने की कसम को लिखित हस्ताक्षर के साथ स्कूलों में जमा करवा रहे है। हैरत यही है कि नौबत ऐसी आ गई कि वोटिंग बढ़ाने के लिए सरकारी सिस्टम ने स्कूलों और छात्र-छात्रों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

बहरहाल, दिल्ली चुनाव में दो धड़े ऐसे हैं जो सियासी दलों की इस बार नैया पार लगा सकते हैं। अव्वल, महिला वोटर और दूसरे पूर्वांचल से वास्ता रखने वाले लोग? दिल्ली में प्रत्येक 10 वोटरों में तीसरा वोटर पूर्वांचली है। अगर इन दोनों की उदासनीता चुनाव पर हावी रही, तो वोटिंग प्रतिशत और नीचे गिर जाएगा।

# कृषि संकट का एकमात्र हल नहीं न्यूनतम समर्थन मूल्य

(हिमांशु, एसोशिएट प्रोफेसर, जेएनयू)

**फसल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और घटते फायदे जहां अहम मसले हैं, वहीं कम होते प्राकृतिक संसाधन, विशेषकर जल और जमीन की घटती गुणवत्ता भी किसानों को खासा परेशान कर रही है। फिर, कर्ज बाजार की विसंगतियों ने बड़ी संख्या में छोटे व सीमांत किसानों के साथ-साथ काश्तकारों के लिए कर्ज लेना मुश्किल बना दिया है। इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इतना ही नहीं, किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ा हुआ है और जलवायु परिवर्तन के कारण बार-बार सामान्य से अधिक गर्मी व बेमौसम बारिश के कारण उनकी लागत कई गुना बढ़ गई है।**

पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी सीमा पर जारी किसान नेताओं का आमरण अनशन केंद्र सरकार से बातचीत के आश्वासन के बाद फिलहाल वापस ले लिया गया है। किसान संगठन सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी मांगते रहे हैं। यह मांग नई नहीं है और 2020-21 में किसानों के एक साल के विरोध-प्रदर्शन के दौरान भी यह मांग पुरजोर उठी थी। किसान संगठनों के लिए जहां यह मसला अनिवार्य बन गया है, वहीं राजनीतिक पार्टियों के बीच भी इसकी जरूरत पर व्यापक सहमति बनती दिख रही है। हालांकि, इसके क्रियान्वयन के तौर-तरीके बेशक स्पष्ट नहीं है, पर पिछले पांच वर्षों में कृषि क्षेत्र में आए आर्थिक संकट को देखें, तो यह मांग अनुचित भी नहीं जान पड़ती।

एक ऐसे समय में, जब हमारी अर्थव्यवस्था घटती या स्थिर आय के कारण मंदी से गुजर रही है, किसानों पर इसकी सबसे ज्यादा मार पड़ी है। न सिर्फ उनके मुनाफे में कमी आई है, बल्कि कीमतों और जलवायु से जुड़ी अनिश्चितताएं भी बढ़ गई हैं। शहरी और गैर-कृषि अर्थव्यवस्था में अवसरों की कमी आने से खेती-किसानी पर लोगों की निर्भरता बढ़ गई है। इसीलिए, पिछले पांच वर्षों में खेतिहर मजदूरों की कुल संख्या में करीब 6.8 करोड़ की वृद्धि हुई है। इसका नुकसान यह हुआ है कि प्रति किसान आय में कमी आई है। स्थिति यह है कि करीब एक दशक से कृषि मजदूरी स्थिर है, कृषि-कार्यों में लगे लोगों की दशा खराब हुई है और पिछले पांच वर्ष में प्रति किसान आय में भारी गिरावट देखी गई है। आंकड़े बताते हैं कि 2017-18 और 2022-23 के बीच किसानों की आमदनी में प्रतिवर्ष 2.9 फीसदी की कमी आई है। इसकी तुलना 2004-05 और 2011-12 के बीच किसानों की आय में हुई सालाना 7.5 फीसदी




की वास्तविक वृद्धि से करें, तो पिछले दशक में, यानी 2011-12 से 2022-23 के दौरान किसानों की आमदनी बमुश्किल एक प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ी है। यह पिछले चार दशक का सबसे बदतर दशक साबित हुआ है। यहां तक कि साल 2016-17 की तुलना में भी, जब सरकार ने किसानों की आमदनी दोगुनी करने की घोषणा की थी, किसानों की वास्तविक आमदनी में 0.8 फीसदी सालाना की दर से कमी ही आई। जाहिर है, हमारे अन्नदाता सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं।

फसल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और घटते फायदे जहां अहम मसले हैं, वहीं कम होते प्राकृतिक संसाधन, विशेषकर जल और जमीन की घटती गुणवत्ता भी किसानों को खासा परेशान कर रही है। फिर, कर्ज बाजार की विसंगतियों ने बड़ी संख्या में छोटे व सीमांत किसानों के साथ-साथ काश्तकारों के लिए कर्ज लेना मुश्किल बना दिया है। इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इतना ही नहीं, किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ा हुआ है और जलवायु परिवर्तन के कारण बार-बार सामान्य से अधिक गर्मी व बेमौसम बारिश के कारण उनकी लागत कई गुना बढ़ गई है। इन समस्याओं से पार पाने के लिए कृषि क्षेत्र में बड़े सार्वजनिक निवेश की जरूरत है।

कृषि-नीतियों में किसानों के लिए आमदनी और अस्थिर कीमतों से सुरक्षा संबंधी नीति कोई अलग सोच नहीं है। यह तो कई अन्य देशों में भी प्रचलित है। ऐसा अनेक विकासशील देशों में भी होता है और विकसित राष्ट्रों में भी। मिसाल के लिए, यूरोपीय संघ की एक साझा कृषि नीति है, जबकि अमेरिका में सुरक्षात्मक। अमेरिका में तो समर्थन मूल्य के दायरे में कई प्रकार की फसलों के अलावा डेयरी और अन्य पशुधन उत्पाद भी आते हैं।

बहरहाल, सिर्फ एमएसपी की गारंटी देने से खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। हालांकि, सच यह भी है कि एमएसपी के मौजूदा तंत्र में सुधार की दरकार है, खासकर चुनिंदा फसलों को इसका लाभ देने और इसकी भौगोलिक सीमाओं को देखकर। लिहाजा, एमएसपी के तहत अधिक से अधिक फसलों की खरीद होनी चाहिए। इसके साथ ही मूल्य नियंत्रण, स्टॉक की सीमा, अनुचित अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों आदि से जुड़ी नीतियों में भी बदलाव होने चाहिए। खेती-किसानी को टिकाऊ बनाने के लिए समग्रता में प्रयास करना होगा। यह जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक है, तंत्र पर किसानों का भरोसा मजबूत बनाना। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5627

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं
1. उत्तरप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री जिन्होंने 10 सितंबर 1887 को जन्म लिया (8)
7. सप्ताह का दिन, आक्रमण या हमला करने करने की क्रिया (2)
8. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
9. निर्जन, वीरान, सुनसान (2)
11. बल, शक्ति, फूंक, कुकर्मों से मन को हटाना (2)
13. इस वृक्ष की कड़वी छाल औषधि बनाने के काम आती है (2)
14. वह स्थान जहां पृथ्वी और आकाश मिलते हुए दिखाई पड़ते है (3)
17. गुणन्कर्म, गुणित (2)
18. छड़ी, लाठी, लुकाठ (3)
20. जायज, विहित, जिसका खाना और पीना धर्म में वर्जित हो (उर्दू)(3)
21. हुक्म, आधिकारिक आदेश, फैसला किया हुआ (3)
22. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है प्राचीन काल में इसका नाम यवद्वीप था (2)
23. लपट, ज्वाला (1)
24. सिंह, शेर, बाघ (3)
25. काष्ठकर्मी, शिल्पकार, कारपेंटर (3)

संकेत: ऊपर से नीचे
1. संतान न होना (8)
2. औषधि, चिकित्सा, उपाय, गुर (2)
3. दहेज, जिहेज, दायजा (5)
4. नेक, छलहीन, कल्याणकारी, सज्जन (2)
5. भोजन करने के लिए जनसमूह का एक पंक्ति में बैठना (3)
6. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हों (2)
10. वस्तु, प्राणी आदि का बोधक सूचक शब्द, संज्ञा, प्रसिद्धि (2)
12. बुद्धि, अक्ल, समझ, प्रज्ञा (2)
15. जल के देवता होने के कारण भगवान का एम नाम (5)
16. हरियाण की एक प्रसिद्ध जाति (2)
17. वर्तमान दौर के प्रसिद्ध गीतकार जिनकी पुरानी फिल्मों की प्रसित्र अभिनेत्री रही हैं (4)
19. राजा जनक के नातियों में से एक (2)

### वर्ग पहेली 5626 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | गां | डा | ■ | र | ह | मा | न |
| व | ■ | का | ना | फूं | सी | ■ | य |
| रा | त | ■ | लि | ■ | ना | दा | न |
| ज | य | कि | श | न | ■ | ■ | न |
| ■ | ■ | शो | ■ | न | ट | ख | ट |
| अ | ■ | रा | ज | द | ■ | र | ■ |
| आ | न | व | र | ■ | आ | गो | श |
| न | ■ | स्था | ■ | बौ | गा | न | ■ |

# अफ्रीका के 24 ट्रिलियन डॉलर के खजाने को लूटने की रेस, जंग का मैदान कैसे बना कांगो?

(अभिजात शेखर आजाद)

साल 2012 के संघर्ष के बाद अफ्रीकी देश कांगो एक बार फिर से संघर्ष की आग में जल रहा है। विद्रोही गुट स्व23 ने रणनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण माने जाने वाले गोमा शहर पर करीब करीब नियंत्रण हासिल कर लिया है, जिसके बाद शहर से लोगों का पलायन शुरू हो चुका है। कांगो में पहले से ही 40 लाख से ज्यादा लोगों को विस्थापितों की तरह रहना पड़ रहा है।

अफ्रीकी देश गरीब और बदहाल भले ही हों, लेकिन उनकी मजबूरी का फायदा उठाने की रेस सुपरपारवर्स के बीच लगी है। पूर्वी लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा में हालात खतरनाक हो चुके हैं और सोमवार (27 जनवरी) को रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने शहर पर कब्जा करने का दावा किया है। ये शहर सामरिक तौर पर काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां की जमीन में खरबों डॉलर की खनिज संपदा है, जिसे अभी तक बाहर नहीं निकाला गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है, कि एम 23 के लड़ाकों ने शहर को अपने कंट्रोल में ले लिया है। इस शहर में करीब 20 लाख लोग रहते हैं और कब्जे का मतलब ये है, कि पहले से ही अशांत इस अफ्रीकी देश में संघर्ष का और भी तेज होना। माना जा रहा है, कि हालात खतरनाक होने के बाद पहले से ही गंभीर मानवीय संकट और भी गंभीर हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, गोमा शहर पर विद्रोहियों के कब्जे के बाद हजारों लोग अपने घरों से भाग चुके हैं और इस शहर से अभी तक 10 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। वहीं, अस्पतालों में भीड़ हद से ज्यादा बढ़ गई है और संघर्ष की वजह से हर दिन सैकड़ों लोग घायल हो रहे हैं। घटनास्थल से आ रही रिपोर्ट्स के मुताबिक, हजारों हजार नागरिक गोलीबारी में फंस गये हैं, जिससे भारी संख्या में लोगों के मारे जाने की आशंका बढ़ गई है।

**गोमा पर कब्जा करने वाला विद्रोही समूह एम23 कौन है?**- एम23, मुख्य तौर पर जातीय तुत्सी लोगों का एक ग्रुप है, जो पूर्वी कांगो में वर्चस्व जमाने की कोशिश कर रहा है, जो सालों से संघर्ष की आग में झुलस रहा है। तुत्सी को कांगों की सेना में शामिल नहीं किया गया और उन्होंने साल 2012 में देश की सरकार की उखाड़ फेंकने की कोशिश की, लेकिन वो नाकाम रहे थे। हालांकि, इस घटना के बाद कई सालों तक ये ग्रुप निष्क्रिय रहा था, लेकिन 2022 में इसने एक बार फिर से सिर उठाना शुरू कर दिया। आपको बता दें, कि पूर्वी कांगो साल 1996 से 2003 के बीच इस संघर्ष के केन्द्र में था, जिसे इतिहास की किताबों में अफ्रीका का विश्वयुद्ध कहा गया है। इस दौरान इस क्षेत्र में कई विद्रोही गुट एक्टिव थे, जो धातुओं, तांबे, कोबाल्ट, लिथियम और सोने के खदानों पर कब्जा जमाने के लिए खूनी संघर्ष में शामिल थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान 60 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई। ये संघर्ष कितना भयावह था, इसका अंदाजा 1994 में कांगो के पड़ोसी देश रवांडा में हुए नरसंहार से लगाया जा सकता है, जब हुतु मिलिशिया ग्रुप ने 5 लाख से 10 लाख के बीच जातीय तुत्सी लोगों के साथ-साथ उदारवादी हुतु और मूलनिवासी त्वा के लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इसके बाद, जब हुतु मिलिशिया ने जवाबी संघर्ष शुरू किया, तो डर के मारे करीब 20 लाख से ज्यादा हुतु लोग भागकर कांगो चले गये। रवांडा के अधिकारियों का आरोप है, कि देश से भागे हुए हुतु लोगों ने नरसंहार किया है।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी और आप काफी हद तक पैसों की बचत कर पाएंगे। आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। आपको किसी कारण से दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**वृष**
आज दिन शुभ है और आपके घर में कुछ मांगलिक कार्य का आयोजन होगा। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीद करनी चाहिए और फालतू खर्च से बचना चाहिए।

**तुला**
आज दिन परेशानी और चिंता वाला रहेगा। ऑफिस में किसी से विवाद हो सकता है। सावधानी से काम करें, नहीं तो नुकसान हो सकता है। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में लोग परेशानी पैदा कर सकते हैं। साहस और बुद्धिमानी से विरोधियों को परास्त कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज करियर में लाभ और तरक्की मिलेगी। सभी काम बिना रुकावट के पूरे होंगे। कार्य-व्यवसाय के तनाव को खुद पर हावी न होने दें। नई योजनाएं सफल होंगी और भाग्य का साथ मिलेगा। अधिकारियों से संबंध अच्छे रहेंगे। निराशा को मन में जगह न दें, समय अनुकूल है। इसका पूरा लाभ उठाएं।

**मिथुन**
आज करियर में आगे बढ़ने से लाभ होगा। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को तरक्की रखने से आपको लाभ होगा।

**कर्क**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होगा। घर में किसी प्रकार की चिंता आपको परेशान कर सकती है। सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।

**धनु**
आज दिन सफलता और तरक्की से भरा रहेगा। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। रुका हुआ धन मुश्किल से मिलेगा और कुछ योजनाएं अधूरी रह सकती हैं। रोजमर्रा के काम में लापरवाही न करें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास बढ़ेगा और तरक्की होगी।

**मकर**
आज का दिन कारोबार में शुभ फल से भरा होगा। सेहत का ध्यान रखें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लें। बिजनस में नए काम से फायदा होगा। प्रेमी जोड़े रोमांटिक डिनर का प्लान बना सकते हैं। पुराने कर्ज से छुटकारा मिल सकता है, जिससे राहत मिलेगी।

**सिंह**
आज लाभ और तरक्की के योग हैं, कारोबार में सम्मान में लेकिन कारोबार की चिंता आपको परेशान कर सकती है। व्यवसाय में अनियमितता और अस्थिरता बनी रहेगी। आलस्य और आराम छोड़कर ही नौकरी या व्यवसाय में सुधार संभव है। मेहनत ही सफलता की कुंजी है।

**कन्या**
आज दिन करियर में सफलता से भरा रहेगा। तरक्की के भी विशेष योग बन रहे हैं। भाग्य का साथ मिलेगा और किसी जरूरी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। उत्साह से काम पूरा करने पर दिन सम्मान से भरा रहेगा। भविष्य में भी अच्छे अवसर मिलेंगे।

**कुंभ**
आज दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आपको अपनी योजना में सफलता मिलेगी। कोई महत्वपूर्ण काम जो आपका काफी समय से अटका हुआ था वह पूरा हो सकता है। जो लोगो नौकरी की तलाश में हैं उनको कामयाबी मिलेगी। आप आयात निर्यात के काम में भी सफलता पाएंगे।

**मीन**
आज मंगलवार का दिन मंगलकारी होगा। आपको अपने सभी प्रयास में आज सफलता मिलेगी। दिन की अपेक्षा दोपहर के बाद का समय आपके लिए अधिक फलदायी होगा। आपका सरकारी क्षेत्र से संबंधित काम बनेगा। प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलने का भी योग बना है।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में बेकाबू ट्रक ने सड़क के किनारे बनी पांच दुकानों को कुचला, तीन लोगों की मौत



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इटौंजा क्षेत्र में एक बेकाबू ट्रक के कुछ दुकानों से जा टकराने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य जख्मी हो गए। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी क्षेत्र) गोपाल कृष्ण चौधरी ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि इटौंजा थाना क्षेत्र में इटौंजा-महोना मार्ग पर 28 और 29 जनवरी की दरमियानी रात को तेज गति से जा रहे एक ट्रक ने अनियंत्रित होने के बाद सड़क के किनारे बनी पांच दुकानों को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। चौधरी ने बताया कि पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों और घायल लोगों को बाहर निकलवाया। घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

### कार और ट्रक में हुई टक्कर से दो महिलाओं की मौत

**अमेठी, एजेंसी।** अमेठी जिले के रामगंज क्षेत्र के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के सामने एक कार और ट्रक में हुई टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई तथा पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सिद्धार्थ नगर जिले से कुछ लोग एक कार पर सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ में जा रहे थे। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे रामगंज थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के सामने उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में कार सवार माला देवी (46) और सुशील देवी (38) की मौत हो गई। इस घटना में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्रतापगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। घायल हुए एक व्यक्ति को गंभीर हालत के मद्देनजर रायबरेली स्थित एम्स में रेफर किया गया है।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने जब्त किए छह रॉकेट, 4.8 हेक्टेयर में अवैध पोस्त की खेती नष्ट

**इंफाल , एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सुरक्षा बलों ने छह रॉकेट जब्त किए। पुलिस ने बताया कि हेंगलेप पुलिस थाना क्षेत्र में लोइलमकोट और नालोन क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने मंगलवार को छह रॉकेट, एक लांचर, एक देशी मोर्टार, एक-एक 7.62 एमएम स्नाइपर राउंड और स्नाइपर मैगजीन तथा अन्य सामान जब्त किया। वहीं प्रतिबंधित केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो कार्यकर्ताओं को मंगलवार को इंफाल पूर्वी जिले के मोरोक इनखोल गांव से गिरफ्तार किया गया। वे इंफाल के विभिन्न इलाकों में आम जनता, सरकारी अधिकारियों और दुकानों से जबरन वसूली में शामिल थे। उन्होंने बताया कि दोनों के पास से एक 9 एमएम पिस्टल, मैगजीन और सात 9 एमएम की जिंदा गोलियां जब्त की गई हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि सेनापति जिले में 4.8 हेक्टेयर अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया गया। एक्स पर एक पोस्ट में सीएम सिंह ने लिखा कि ड्रग्स के खिलाफ हमारे युद्ध में एक महत्वपूर्ण सफलता में सेनापति पुलिस, वन विभाग और जिला प्रशासन ने सेनापति के कांगजांग हिल्स में 4.8 हेक्टेयर अवैध पोस्त की खेती को नष्ट कर दिया है। उन्होंने अभियान के लिए टीमों की सराहना भी की। सीएम ने कहा कि मैं टीम के समर्पण और प्रयासों की सराहना करता हूं। नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई सिर्फ एक कानून प्रवर्तन प्रयास नहीं है, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है। मैं सभी नागरिकों से नशा मुक्त, स्वस्थ और अधिक समृद्ध मणिपुर के निर्माण में हमारे साथ खड़े होने का आग्रह करता हूं।

# महाकुंभ भगदड़ पर राहुल गांधी बोले- 'दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और वीआईपी मूवमेंट जिम्मेदार'



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में बुधवार को मची भगदड़ पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने घटना पर दुख जताया और वीआईपी मूवमेंट को लेकर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण कई लोगों की मौत और कइयों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। उन्होंने महाकुंभ मेला क्षेत्र में व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा, इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह वीआईपी मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना जिम्मेदार है। अभी महाकुंभ का काफी समय बचा हुआ है, कई और महास्नान होने हैं। आज जैसी दुखद घटना आगे न हो, इसके लिए सरकार को व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। वीआईपी कल्चर पर लगाम लगनी चाहिए और सरकार को आम श्रद्धालुओं की जरूरतों की पूर्ति के लिए बेहतर इंतजाम करने चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से अनुरोध करता हूं कि पीड़ित परिवारों की मदद करें।

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने महाकुंभ भगदड़ को पीड़ादायक बताया। साथ ही महाकुंभ मेले में अव्यवस्थाओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर सवाल भी उठाए। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, आज सुबह मुझे प्रयागराज महाकुंभ की दुखद घटना की जानकारी हुई, जिसमें कई लोगों की मृत्यु और घायल होने की खबर है। प्रयागराज में कई बार कुंभ और अर्ध कुंभ होते रहे हैं, लेकिन इस तरह की अव्यवस्था जो इस बार हुई है, इसके पहले कभी नहीं हुई थी। उन्होंने आगे कहा, यह दुखद घटना इस मेले की अव्यवस्था और उत्तर प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर कर रही है। योगी सरकार ने सारा पैसा सिर्फ अपनी ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर खर्च किया है, न कि महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था पर। ये इस सरकार की संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। हम लगातार ऐसी ही घटना के प्रति सचेत करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन शासन-प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। दुर्घटना के पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। हम मृतकों की आत्मा की शांति व घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। इसके साथ ही सरकार से यह आग्रह करते हैं कि मृतकों के लिए उचित मुआवजा व घायलों को मुआवजे के साथ मुफ्त इलाज का प्रबंध करें। अजय राय ने कहा कि मोदी और योगी सरकार सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करती हैं। उन्होंने वहां कैबिनेट को ले जाकर सिर्फ वीआईपी मूवमेंट पर पैसे खर्च किए। आज सारी व्यवस्थाएं पूरी तरह से नकारा साबित हुई हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया उद्घाटन, बोले- बड़े संकल्प लेकर आगे बढ रहा है हमारा देश



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड की धार्मिक विरासत और जैव विविधता का झलक पेश करते रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस प्रतियोगिता के तहत 32 खेलों में लगभग 10 हजार खिलाड़ी पदक जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। खेल 14 फरवरी तक चलेंगे और देहरादून में मुख्य आयोजन स्थल सहित इस पहाड़ी राज्य के सात शहरों में स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। लगभग 450 स्वर्ण पदक और इतनी ही संख्या में रजत और कांस्य पदक दांव पर हैं।

अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देवभूमि आज युवा ऊर्जा से और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार, बद्रीनाथ जी, मां गंगा के शुभाशीष के साथ आज नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। ये वर्ष उत्तराखंड के निर्माण का 25वां वर्ष है। इस युवा राज्य में देश के कोने-कोने से आए हजारों युवा अपना सामर्थ्य दिखाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की बहुत सुंदर तस्वीर यहां दिख रही है। नेशनल गेम्स में इस बार भी कई देशी और पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के नेशनल गेम्स एक प्रकार से ग्रीन गेम्स भी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में खेलों का एक खूबसूरत गुलदस्ता तैयार हो रहा है जिसमें हर मौसम में फूल खिलते हैं, लगातार टूर्नामेंट होते हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई देश खेल में आगे बढता है तो देश की साख भी बढती है और प्रोफाइल भी बढता है। उन्होंने कहा कि हॉकी में पुराने गौरवशाली दिन वापिस लौट रहे हैं , हमारी खो-खो टीम ने विश्व कप जीता है, गुकेश ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप जीती जिससे दुनिया हैरान रह गई। उन्होंने कहा कि मैं इस राष्ट्रीय खेल के आयोजन के लिए सीएम धामी और उत्तराखंड के लोगों को बधाई देना चाहता हूं। हम अपने एथलीटों के लिए अवसर पैदा कर रहे हैं ताकि वे अपने कौशल में सुधार कर सकें। खेला इंडिया यूथ गेम्स के कारण युवा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के नए अवसर मिले हैं।

मोदी ने कहा कि आज देश में कई टूर्नामेंट्स आयोजित किए जा रहे हैं। खेलो इंडिया सीरिज में कई सारे नए टूर्नामेंट्स जोड़े गए हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की वजह से यंग प्लेयर्स को आगे बढ़ने का मौका मिला है। यूनिवर्सिटी गेम्स, यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को नए अवसर दे रहे हैं। खेलो इंडिया पैरा गेम्स से पैरा एथलीट्स की परफॉर्मेंस नए-नए एचीवमेंट्स कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे हमारे खिलाड़ी बड़े लक्ष्य लेकर चलते हैं, हमारा देश भी बड़े संकल्प लेकर आगे बढ रहा है। मोदी ने कहा कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये पूरी कोशिश कर रहा है और जब भारत में ओलंपिक होगा तो वह भारतीय खेलों को नये आसमान पर ले जायेगा।

## वक्फ विधेयक : जेपीसी की बैठक में संशोधित विधेयक और मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार किया जाएगा : जगदंबिका पाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर देश की सियासत में गर्माहट तेज है। इसी बीच इस विधेयक को लेकर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा है कि बुधवार को होने वाली बैठक में वक्फ (संशोधन) विधेयक की मसौदा रिपोर्ट और संशोधित विधेयक को स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने यह बात मीडिया से बैठक से पहले की। हालांकि बैठक से पहले कई विपक्षी सांसदों ने अपने एजेंडे पर चर्चा करने के लिए बैठक की, क्योंकि उनमें से कई समिति की सिफारिशों के खिलाफ अपनी असहमति जताने की तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था और इसे 8 अगस्त 2024 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया था। इस विधेयक का उद्देश्य 1995 में बने वक्फ अधिनियम में संशोधन करना है ताकि वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और विनियमन से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# सम्राट चौधरी का दावा, दिल्ली की जनता ने झूठे वादों और घोटालों की सरकार बदलने का मन बनाया है



**पटना, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में प्रचार के लिए रवाना होने से पहले कहा कि दिल्ली में बसे बिहार-यूपी के लोग इस बार केजरीवाल सरकार को सत्ता से बाहर कर अपने अपमान का बदला लेंगे। वहाँ की जनता ने झूठे वादों और घोटालों की सरकार बदलने का मन बनाया लिया है। दिल्ली प्रदेश चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक चौधरी 29, 30 और 31 जनवरी को दर्जनभर चुनाव सभाओं को संबोधित करने के अलावा सम्पर्क अभियान का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने शराब के ठेके बाँटने और घोटाला करने के साथ दिल्?ली के लोगों को शराबी बनाया। चौधरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के एक दर्जन से अधिक विधायक, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और मुख्यमंत्री सहित तीन मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल जा चुके हैं या जमानत पर हैं। पूरी पार्टी और सरकार घोटालों में डूबी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बसे बिहार-यूपी के लाखों लोगों को आम आदमी पार्टीकी सरकार ने कोरोना के समय बसहारा छोड़ दिया और बसों भर कर राज्य से बाहर कर दिया था।

लोग यह अपमान नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की गंदगी, कुव्यवस्था और झूठे वादों से चौधरी ने कहा कि तीन बार में जारी भाजपा का संकल्प पत्र दिल्ली के कायाकल्प का रोडमैप है। इसमें पार्टी ने मजदूरों-कामगारों, युवाओं - महिलाओं सहित सभी वर्गों का जीवन बेहतर बनाने का संकल्प प्रकट किया गया है।

# बनिए का बेटा हूं, फ्री की योजनाओं के लिए पैसे का इंतजाम करना जानता हूं, अरविंद केजरीवाल का दावा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली चुनाव के लिए 10 दिन से भी कम समय बचा है। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सार्वजनिक रैलियों के दौरान अपनी जाति को रेखांकित किया और मतदाताओं से कहा कि वह एक बनिया हैं और जानते हैं कि जिस कल्याणकारी योजना का उन्होंने वादा किया है उसके लिए धन की व्यवस्था कैसे करनी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी के शासन मॉडल, जाट आरक्षण के बारे में बात की और मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सहित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सवालों और आलोचनाओं का जवाब दिया। अरविंद केजरीवाल ने करावल नगर विधानसभा क्षेत्र से क उम्मीदवार मनोज कुमार त्यागी के पक्ष में प्रचार किया। केजरीवाल ने कहा कि हमने पहले दिल्ली में फ्री बिजली की और पंजाब में भी हमारी सरकार है वहां पर भी 24 घंटे फ्री बिजली है।

बीजेपी की 20 राज्यों में सरकार है आप फोन करके पूछना कि यूपी, हरियाणा, राजस्थान में बिजली का बिल कितना आता है? यहां पर कम से कम 5000 रुपए महीने का बिजली का बिल आता है। अगर 5 तारीख को गलत बटन दब गया तो कम से कम 5000 रुपए महीने का बिल आएगा। आप क्या इतना दे पाएंगे? इसलिए आप लोग सही बटन दबाएं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हर किसी को बिजली बिल शून्य मिल रहा है। मैं एक इंजीनियर हूं इसलिए आपको 24/7 बिजली उपलब्ध है और मैं एक बनिए का बेटा हूं इसलिए यह मुफ्त में उपलब्ध है। भाजपा मुझसे पूछती है कि मैं अपनी सभी घोषणाओं के लिए धन का प्रबंधन कहां से करूंगा, तो मैं कहता हूं, मैं एक जादूगर हूं। भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि वे पूछते हैं कि पैसा कहां से आएगा। मैं बनिया हूं। मैं जानता हूं कि संसाधनों का प्रबंधन कैसे करना है। आपको चिंतित होने की कोई जरूरत नहीं है। मैं गणित जानता हूं और मैं इसकी (पैसे की) व्यवस्था करूंगा।

## भारत में 55.1प्रतिशत ट्रक ड्राइवरों की दृष्टि खराब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में लगभग 55.1 प्रतिशत ट्रक ड्राइवरों की दृष्टि खराब है, जबकि 53.3 प्रतिशत को दूर दृष्टि सुधार और 46.7 प्रतिशत को निकट दृष्टि उपचार की जरूरत है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली की ताजा रिपोर्ट में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 53.3 प्रतिशत ट्रक ड्राइवरों की दृष्टि खराब है, जो सड़क सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती बन गई है। इसके अलावा ड्राइवरों में मोटापा, उच्च रक्तचाप और बढ़ा हुआ ब्लड शुगर लेवल जैसी स्वास्थ्य समस्याएं भी पाई गई हैं।

# सम्मेलनः रचनात्मक कंटेंट बनाने वालों के लिए वेव्स पुरस्कारों की घोषणा, 31 श्रेणियों में नामांकन 15 फरवरी से



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के अपनी तरह के पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) से पहले केंद्र सरकार ने वेव्स पुरस्कारों के लिए नामांकन मंगाए हैं। इन पुरस्कारों के लिए 15 फरवरी से नामांकन आरंभ होगा। इसमें 20 श्रेणियों में उत्कृष्टता पुरस्कार दिए जाएंगे। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय इस शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। पुरस्कारों में क्रिएट इन इंडिया थीम के तहत अभी तक दुनिया भर से 70 हजार पंजीकरण हो चुके हैं। क्रिएट इन इंडिया के तहत एनिमेशन, ग्राफिक्स, फिल्म निर्माण, मनोरंजन के विभिन्न आयामों से जुड़े 31 चैलेंज हैं, जिनमें से 22 चैलेंज अब भी दुनिया के लोगों की भागीदारी के लिए खुले हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन से संबंधित कई पहलों की घोषणा की। इस मौके पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत भी मौजूद थे। वैष्णव व शेखावत ने कंटेंट क्रियेशन से जुड़े क्रिएटर और फर्मों को एक साथ लाने के लिए ई-मार्केट प्लेस वेव्स बाजार लॉन्च किया। यह रचनात्मक सामग्री से जुड़े रचनाकारों को एक मंच प्रदान करेगा। वैष्णव ने इस मौके पर इंफ्लूएंशर्स, पॉडकास्टर, एनीमेशन और गेम डेवलपर आदि जैसे क्रिएटिव कंटेंट रचने वालों के लिए शीर्ष वेव्स पुरस्कारों की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने क्रिएट इन इंडिया के तहत तीन अन्य चुनौतियों वाह उस्ताद, आओ दुनिया को खादी पहनाएं और रेजोनेंसः द ईडीएम चैलेंज की भी शुरुआत की।

**विवेकानंद के बाद मोदी भारत को दुनिया में सांस्कृतिक रूप से स्थापित कर रहे : वैष्णव :** वैष्णव ने कहा, भारत एक समृद्ध संस्कृति का देश है, जिसकी गूंज कभी स्वामी विवेकानंद के माध्यम से शिकागो विश्व धर्म मेले में सुनाई दी थी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग, संस्कृति, रचनात्मकता और आयुर्वेद जैसी पहलों के माध्यम से अब इसे दुनिया के मंच पर आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस देश में विवेकानंद के बाद पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने दुनिया के पटल पर भारत की सांस्कृतिक विरासत को स्थापित करने का काम किया।

**वेव्स दुनिया के सामने रखेगा हमारी समृद्ध विरासत : शेखावत :** शेखावत ने पत्रकारों से कहा, वेव्स कला प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह भारतीय क्रिएटर को दुनिया के सामने हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बयान करने के लिए प्रेरित करेगा, क्योंकि भारत कहानियों को गढ़ने वाला देश है।

**सांस्कृतिक व डिजिटल सामग्री का पावर हाउस है भारत : शेखर कपूर :** दोनों मंत्रियों के साथ मौजूद प्रख्यात फिल्म निर्माता शेखर कपूर ने इस मौके पर कहा, भारत सबसे बड़ी निर्माण और उपभोग सामग्री वाला देश है।

# पश्चिम बंगाल आएंगे भूटान नरेश वांगचुक, समिट में शामिल होंगे सीएम हेमंत सोरेन



**कोलकाता, एजेंसी।** भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 5 और 6 फरवरी को कोलकाता में आयोजित होने वाले बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट 2025 के 8वें एडिशन में भाग लेने की उम्मीद है. इस साल का क्क्क्र पश्चिम बंगाल के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है, क्योंकि यह विधानसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले हो रहा है. राज्य प्रशासन ने बताया कि इस साल के शिखर सम्मेलन में 22 देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है, जिसमें कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे.

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक की :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ग्लोबल बिजनेस समिट की तैयारियों की समीक्षा के लिए पहले ही एक बैठक की है और मुख्य सचिव ने भी कई फॉलो-अप बैठकें में भाग लिया. इस संबंध में राज्य प्रशासन के अधिकारियों ने कहा है कि इस साल किसी खास क्षेत्र को थीम के तौर पर नहीं चुना जा रहा है, बल्कि इसकी जगह उद्योग और व्यापार से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है.

### तैयारियों पर गौर करने का निर्देश

डब्ल्यूबीआईडीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शिखर सम्मेलन में कुछ महत्वपूर्ण नीतियों की घोषणा भी की जा सकती है. उन्होंने कहा कि इस बार निवेशकों के लिए एक बड़ा सरप्राइज इंतजार कर रहा है. कैबिनेट की बैठक में सोमवार को ममता बनर्जी ने सभी विभागों के नौकरशाहों को बीएसबीजी की अंतिम समय की तैयारियों पर गौर करने का निर्देश दिया. साथ ही शिखर सम्मेलन से ठीक एक दिन पहले 4 फरवरी को एक और कैबिनेट बैठक निर्धारित की गई है.



# जम्मू में बॉर्डर से सटे गांवों में स्ट्रॉबेरी की खुशबू से महक रहा इलाका, किसान जमकर कमा रहे हैं मुनाफा

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे अरनिया सेक्टर में स्ट्रॉबेरी की खेती जोर पकड़ रही है. सीमावर्ती किसानों का ध्यान पहले चावल की खेती पर था, लेकिन बागवानी विभाग की जागरूकता के कारण इस साल उनका मूड स्ट्रॉबेरी की खेती की ओर बदल गया है. अब इन किसानों को चावल की तुलना में स्ट्रॉबेरी से अधिक लाभ मिल रहा है. जम्मू की जलवायु परिस्थितियों ने किसानों को स्ट्रॉबेरी की खेती को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए हैं. अरनिया सीमावर्ती गांवों के किसान इस साल स्ट्रॉबेरी की बंपर फसल से खुश हैं. एक किसान रविकांत ने कहा कि स्ट्रॉबेरी, कम कटाई चक्र वाली उच्च मूल्य वाली फसल है, जो जम्मू के किसानों के लिए गेम-चेंजर साबित हुई है. स्ट्रॉबेरी के फल को इसकी विशिष्ट सुगंध, चमकीले लाल रंग, रसदार बनावट और मिठास के कारण कच्चा खाया जाता है.

**अरनिया सेक्टर में स्ट्रॉबेरी की खेती :** स्ट्रॉबेरी का उपयोग जैम, आइसक्रीम, जूस, मिल्कशेक, पाई और चॉकलेट जैसे पैकेज्ड खाद्य पदार्थ तैयार करने में भी किया जाता है, जिससे साल भर इसका अच्छा बाजार मूल्य मिलता है. रविकांत ने कहा कि, वह स्ट्रॉबेरी की खेती के परिणामों को देखकर काफी खुश हैं. ऐसे में उन्होंने अन्य किसानों से स्ट्रॉबेरी की खेती पर अधिक ध्यान देने का अनुरोध किया.

# हरियाणा से दिल्ली को हो रही 1049 क्यूसेक पानी की सतत आपूर्तिः मुख्यमंत्री नायब सिंह



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जहरीले पानी का बयान आम आदमी पार्टी द्वारा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बनाया गया एक राजनीतिक हथकंडा है। हमने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हरियाणा बिना किसी कमी के पूरा कर रहा है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की विफलता की पोल खोलते हुए कहा कि साल 2021 में, दिल्ली ने एक याचिका दायर की, जिसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने जवाब दिया। इस जवाब में बताया गया कि वजीराबाद तालाब में अमोनिया नाइट्रोजन की समस्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि आगरा में एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है, जो 24 एमजी/एल तक अमोनिया वाले पानी को साफ कर सकता है। लेकिन, दिल्ली सरकार ने अभी तक वजीराबाद के इस प्लांट को अपग्रेड करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। इसी का नतीजा है कि दिल्ली के लोग आज भी गंदा पानी पीने को मजबूर है लेकिन अरविंद केजरीवाल अपनी नाकामी छुपाने के लिए अब हरियाणा पर दोषारोपण कर रहे हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के लोग यमुना नदी को माँ का स्थान देते हैं। यमुना हरियाणा और दिल्ली दोनों के लिए जीवनदायिनी है, और इसकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप हरियाणा और उसके लोगों की आस्था का अपमान है। हरियाणा के लोग यमुना को एक पवित्र नदी मानते हैं और इसकी पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के आरोप न केवल आधारहीन है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपराओं और मान्यताओं का भी अपमान है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली को यमुना और रावी-व्यास के हिस्से के पानी से मुनक में 1049 क्यूसेक पीने के पानी की आपूर्ति होती है। हरियाणा इस पानी को दो नहरों कैरियर लाइन चैनल (सीएलसी) और दिल्ली शाखा के माध्यम से दिल्ली को लगातार सप्लाई कर रहा है। वर्ष 2014 में कैरियर लाइन चैनल के चालू होने के बाद से, हरियाणा किसी भी नाले या यमुना नदी के माध्यम से दिल्ली को कोई पानी नहीं देता है और केवल सीएलसी और दिल्ली शाखा की नहर प्रणाली के माध्यम से दिल्ली को साफ पानी सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार दिल्ली को सप्लाई किए जा रहे जल की शुद्धता और इसकी सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 7 से 13 जनवरी 2021 के बीच, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यमुनानगर (हरियाणा) से लेकर वजीराबाद (दिल्ली) तक पानी की जांच की और प्रदूषण के मुख्य कारणों को जांचा। जांच में पाया गया कि पल्ला और वजीराबाद के बीच गंदा पानी अवैध रूप से छोड़ा जा रहा है। वजीराबाद तालाब में तलछट जमा होने से अमोनिया नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने 2021 से अब तक सीपीसीबी की इस रिपोर्ट पर कोई कदम नहीं उठाया। दिल्ली सरकार द्वारा ना तो पल्ला और वजीराबाद के बीच गंदे पानी के अवैध निर्वहन को रोका गया है और ना ही वजीराबाद तालाब की सफाई के लिए कोई प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे जल संरक्षण को प्राथमिकता दें और जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें।

# इंडियन क्रिकेटर बनने के लिए क्या करना पड़ेगा?

## कोहली ने दिया बेहतरीन जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली इन दिनों रणजी ट्रॉफी 2024-25 में खेलने को लेकर चर्चा में हैं. कोहली दिल्ली के लिए 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ खेले जाने वाले रणजी मुकाबले में खेलते हुए नजर आएंगे. मुकाबले से पहले भारतीय बल्लेबाज ने



दिल्ली अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी टीम के साथ अभ्यास भी शुरू कर दिया है. इसी अभ्यास के बीच एक बच्चे ने विराट कोहली से पूछा कि उसे इंडियन क्रिकेटर बनने के लिए क्या करना पड़ेगा? इस सवाल का कोहली ने बड़ा ही शानदार जवाब दिया. यह सवाल कोहली के बचपन के दोस्त के बेटे ने पूछा. कोहली ने बच्चे को जवाब देते हुए कहा, बहुत हार्ड वर्क करना पड़ेगा. पापा को आपको प्रैक्टिस और ट्रेनिंग के लिए नहीं बोलना चाहिए. आपको खुद सुबह उठकर प्रैक्टिस के लिए जाना है. खुद ट्रेनिंग के लिए जाना है. अगर कोई एक घंटा प्रैक्टिस करता है, तो आप दो घंटा प्रैक्टिस करो. एक ही तरीका है बस. कोहली ने आगे कहा, कोई अगर फिफ्टी बनाता है, तो आप हंड्रेड बनाओ. कोई हंड्रेड बनाता है, तो आप डबल हंड्रेड बनाओ. जो बेंचमार्क है उससे डबल, तो फिर लेवल अप. ठीक है?

बस. कभी अगर बोलने की जरूरत पड़े तो वो ठीक नहीं है. आपको कहना चाहिए कि मुझे प्रैक्टिस करना है और हमें कहना चाहिए कि आपको एक दिन आराम करना चाहिए. ठीक है? मेहनत करते रहिए और हमेशा खेल को एंजॉय करिए.

# अल हिलाल से नाता तोड़ने के बाद ब्राजील के इस क्लब से जुड़ेंगे नेमार

## 12 साल बाद करेंगे टीम में वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने अल हिलाल के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की।

स्ट्राइकर नेमार सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल से नाता तोड़ने के बाद ब्राजील के सांतोस टीम से जुड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। नेमार करीब 12 साल बाद इस टीम के लिए खेलेंगे। क्लब के अध्यक्ष मार्सेलो तेइजेरिया ने सोशल मीडिया चैनल्स पर इसकी पुष्टि की है। अल-हिलाल ने हाल ही में बताया था कि उसकी नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की थी।

### अल हिलाल के लिए नेमार ने खेले सात मैच

कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने अल हिलाल के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा।

### मार्सेलो नेमार के स्वागत के लिए उत्सुक

32 वर्षीय नेमार ने सांतोश के लिए छह खिताब जीते हैं जिसमें 2011 में कोपा लिबरताडोर्स ट्रॉफी जीतना शामिल है।

मार्सेलो ने अपने सोशल मीडिया चैनल्स पर कहा, नेमार के लिए यह वापसी का समय है। यह समय है कि वह अपने लोगों के लिए वापस आए। अपने घर आए और उस क्लब में वापसी करे जो हमारे दिल के करीब है। नेमार का स्वागत है। व्हाइट एंड ब्लैक शर्ट में खुशी-खुशी वापसी करें। सांतोस आपका स्वागत करने के लिए बेताब है।

स्ट्राइकर नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) में शामिल हुए। यह उन कई करार में से एक था जिसने अरब देश को दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में से एक बना दिया। लेकिन नेमार को अपने करियर की सबसे गंभीर एसीएल चोट लग गई जब वह अल-हिलाल में शामिल होने के कुछ ही महीनों बाद ब्राजील के लिए खेल रहे थे।

# ज्यॉफ एलार्डिस ने आईसीसी के सीईओ पद से दिया इस्तीफा

**दुबई, एजेंसी।** ज्यॉफ़ एलार्डिस ने नई चुनौतियों को निभाने की इच्छा का हवाला देते हुए आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। एलार्डिस ने 2020 में मनु साहनी को पद से हटाए जाने के बाद आठ महीने तक इस पद पर अंतरिम तौर पर काम किया था और इसके बाद नवंबर 2021 में उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया था।

वह आईसीसी में 2012 से ही काम कर रहे थे, जिसमें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ कार्यकाल समाप्त करने के बाद आईसीसी में उन्होंने अपने शुरुआती दिनों में क्रिकेट के जनरल मैनेजर के रूप में काम किया था। एलार्डिस ने कहा, आईसीसी के सीईओ पद पर कार्यरत रहना मेरे लिए गर्व की बात थी। इस दौरान हमने जो भी लक्ष्य हासिल किए उस पर



मुझे गर्व है, चाहे वह क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाना हो या आईसीसी सदस्यों को वित्तीय लाभ पहुंचाना हो। मैं आईसीसी के अध्यक्ष, बोर्ड के तमाम सदस्य और पूरे क्रिकेट समूह का पिछले 13 वर्षों में मुझे दिए अपार समर्थन करने के लिए आभारी हूं। मुझे विश्वास है कि आने वाला समय क्रिकेट के लिए उत्सुकता भरा समय होगा और मैं इसके लिए वैश्विक क्रिकेट समूह को अपनी शुभेच्छाएं देता हूं। एलार्डिस ने पद छोड़ने का फ़ैसला ऐसे समय लिया है जब कुछ ही दिन पहले बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह ने आईसीसी के अध्यक्ष के पद पर ग्रेग बार्कली की जगह ली है। शाह ने कहा, मैं आईसीसी बोर्ड की ओर से ज्यॉफ़ का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाने में उन्होंने काफ़ी मेहनत की है।

इंडिया-इंग्लैंडः

# 336 रन बनाने के बाद आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज टी-20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचा

## खतरे में ट्रैविस हेड का ताज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा बल्लेबाजी तिलक वर्मा ने टी20 करियर में बड़ा मुकाम हासिल किया है। वह आईसीसी मेंस टी20 बैटिंग रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। यह उनके टी20 करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। भारत का यह 22 वर्षीय बल्लेबाज शानदार फॉर्म में चल रहा है। राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चला और वह 18 रन बनाकर आउट हुए। वह इससे पहले 4 पारियों में आउट नहीं हुए थे। वह 5 पारियों में 336 रन बनाने के बाद आउट हुए।

**तिलक वर्मा को टी20 रैंकिंग में एक स्थान का फायदाः** इस दमदार प्रदर्शन के कारण तिलक वर्मा को टी20 रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ। वह इंग्लैंड के ओपनर फिल साल्ट से आगे निकल गए। वह रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड के करीब पहुंच गए हैं। हेड की रेटिंग 855 है और तिलक की रेटिंग 832 है। दोनों की रेटिंग में केवल 23 अंक का अंतर है। अगर तिलक वर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी20 में अच्छा प्रदर्शन किया तो वह हेड से आगे निकल सकते हैं।

**संजू सैमसन को 12 स्थान का नुकसानः** आईसीसी मेंस टी20 बैटिंग रैंकिंग में भारत का मजबूत प्रतिनिधित्व जारी है। 4 खिलाड़ी शीर्ष 10 में हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव वर्तमान में नंबर 4 पर हैं। यशस्वी जायसवाल एक स्थान गिरकर 9वें नंबर पर आ गए हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान ने उनकी जगह नंबर 8 पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर संजू सैमसन को 12 स्थान का नुकसान हुआ है। वह इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 3 मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद 17वें स्थान से 29वें स्थान पर आ गए हैं।

### आईसीसी मेंस टी20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप 10 बल्लेबाज (29 जनवरी तक)

1-ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया)
2-तिलक वर्मा (भारत)
3-फिल साल्ट (इंग्लैंड)
4-सूर्यकुमार यादव (भारत)
5-जोस बटलर (इंग्लैंड)
6-बाबर आजम (पाकिस्तान)
7-पथुम निसांका (श्रीलंका)
8-मोहम्मद रिजवान (पाकिस्तान)
9-यशस्वी जयसवाल (भारत)
10-कुसल परेरा (श्रीलंका)

एसए-20 में हुआ ऐसा

# सबसे ज्यादा वाइड फेंकने वाले खिलाड़ी को मिला प्लेयर ऑफ द मैच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्लेयर ऑफ द मैच अक्सर वो बनता है जो खिलाड़ी बैट या बॉल से अपनी टीम की जीत में अहम योगदान देता है. उसका प्रदर्शन बाकी खिलाड़ियों से हटकर होता है. हम जिस मुकाबले की बात कर रहे हैं उसमें भी कुछ ऐसा ही हुआ. मुकाबला प्रिटोरिया कैपिटल्स और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच हुआ. एसए-20

में 28 जनवरी को खेले इस मुकाबले में प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को हरा दिया. प्रिटोरिया की जीत में उसके खिलाड़ी मिगेल प्रिटोरियस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. लेकिन, इस खिलाड़ी के प्लेयर ऑफ द मैच बनने में एक बात खास रही और वो ये कि वो अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा वाइड गेंदें फेंकने वाला गेंदबाज रहा.

### सबसे ज्यादा वाइड फेंकने वाले को प्लेयर ऑफ द मैच

प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ फाफ डु प्लेसी की कप्तानी वाली जोबर्ग सुपर किंग्स पहले बल्लेबाजी करने उतरी और उसने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 99 रन बनाए. प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को 100 रन के अंदर रोकने के लिए अपने 6 गेंदबाज आजमाए. सबने अनुशासित गेंदबाजी की. यानी एक भी वाइड या नोबॉल नहीं डाले. सिवाए मिगेल प्रिटोरियस के जिन्हें बाद में जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. मिगेल प्रिटोरियस ने अपनी गेंदबाजी के दौरान 1 वाइड गेंद फेंकी.

### क्या है मैच का हीरो बनने के पीछे की वजह?

तो क्या सिर्फ इस एक वाइड गेंद को फेंकने के चलते उन्हें मैच का हीरो चुन लिया गया? या फिर उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्ले से कुछ कहर बरपा दिया? इन दोनों ही सवालों का जवाब नहीं है. मिगेल प्रिटोरियस को ना तो अपनी टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 1 वाइड गेंद के लिए और ना ही बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच मिला.

बल्कि उन्हें ये अवॉर्ड गेंदबाजी और फील्डिंग में कमाल के प्रदर्शन की वजह से मिला. दरअसल, प्रिटोरियस ने वाइड जरूर 1 फेंकी मगर उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पेल में जोबर्ग सुपर किंग्स के 3 विकेट झटके, जिसमें एक जॉनी बेयरस्टो जैसे खतरनाक बल्लेबाज का विकेट भी शामिल है. इसके अलावा प्रिटोरियस ने जोबर्ग सुपर किंग्स के दो बल्लेबाजों के कैच भी लपके थे. इन्हीं कामयाबियों के चलते अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा वाइड फेंककर भी मिगेल प्रिटोरियस प्लेयर ऑफ द मैच बन गए.

### प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जीता मैच

प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एसए-20 का मुकाबला 6 विकेट से जीता. उसने जोबर्ग सुपर किंग्स से मिले 100 रन बनाने के लक्ष्य को 12 ओवर में ही 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया. ये प्रिटोरिया कैपिटल्स की 8 मैचों में दूसरी जीत रही.

# स्मिथ के 10,000 टेस्ट रन पूरे, यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी




**गाले, एजेंसी।** अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बुधवार को यहां गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन अपने पहले स्कोरिंग शॉट के साथ अपने 10,000 टेस्ट रन पूरे किए। कार्यवाहक कप्तान एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई और यह उपलब्धि हासिल करने वाले कुल 15वें खिलाड़ी बन गए। 35 वर्षीय स्मिथ एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग के साथ 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शामिल हो गए। दिलचस्प बात यह है कि तीनों ने जब अपना 10,000वां रन बनाया था, तब वे टेस्ट टीम के कप्तान थे।

अपनी 205वीं पारी में बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या की गेंद पर मिड-ऑन पर सिंगल लेकर, पारी के हिसाब से 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले पांचवें सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। मैचों के मामले में, केवल ब्रायन लारा (111) ने स्मिथ के 115 से कम टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की है। लारा, सचिन तेंदुलकर, कुमार संगकारा (सभी ने 195 पारियां लीं) और रिकी पोंटिंग (196) ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने कम पारियों में यह उपलब्धि हासिल की है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में, केवल पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने 196 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की है।

स्मिथ ने 55 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं, जबकि कुमार संगकारा बेहतर औसत (57.40) के साथ 10,000 के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में, केवल जो रूट के 12,972 टेस्ट रन स्मिथ से अधिक हैं। भारत के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में अपने घरेलू दर्शकों के सामने अपने करियर के 9,999 रनों पर आउट होने के बाद, स्मिथ ने बुधवार को पहली गेंद पर अपना 10,000वां रन बनाया।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पहले सत्र में 137/2 के स्कोर पर बल्लेबाजी की और प्रभात जयसूर्या की गेंद पर मिड-ऑन पर एक रन मारा, जिसके लिए दर्शकों ने तालियां बजाईं। इसके बाद उन्होंने अपने बल्लेबाजी साथी उस्मान ख्वाजा को गले लगाया।

# हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जो 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। भारत का सामना मेहमान टीमों इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से होगा, जिसमें प्रत्येक टीम दो बार खेलेगी। उनका अभियान 15 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से शुरू होगा।

जबरदस्त मिडफील्डर सलीमा टेटे कप्तान के रूप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी।

टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं, जबकि सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री को डिफेंडर के रूप में चुना गया है। मिडफील्ड में, टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, लालरेमसियामी, बलजीत कौर और शर्मिला देवी शामिल हैं। टीम में फॉरवर्ड खिलाड़ियों में नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया शामिल हैं।



इसके अलावा, स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बनवारी सोलंकी, डिफेंडर अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति सिंह के साथ-साथ फॉरवर्ड साक्षी राणा, अन्नू और सोनम शामिल हैं। विशेष रूप से, एफआईएच नियमों के अनुसार, यदि किसी टीम के पास एफआईएच प्रो लीग चरण के दौरान खेलने के लिए 4 से अधिक मैच निर्धारित हैं, तो वे पहले 4 मैचों के बाद अपने 24-सदस्यीय दल में संशोधन कर सकते हैं। हालांकि, कोई भी बदलाव उनकी पूर्व-स्वीकृत प्रतिस्थापन सूची के खिलाड़ियों का उपयोग करके किया जाना चाहिए। हाल ही में संपन्न महिला हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद सोनम के पास सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण का मौका है, जहां वह दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थीं।

**टीमः** गोलकीपरः सविता पुनिया, बिचू देवी खारीबाम

**डिफेंडरः** निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरंबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति

**मिडफील्डरः** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी , शर्मिला देवी, बलजीत कौर

**फॉरवर्डः** नवनीत कौर, संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, प्रीति दुबे, रुताजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान

चेसः

# भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने बनाई एकल बढ़त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी है और उन्होंने एकल



बढ़त बना ली है। हाल ही में विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले गुकेश ने अपने प्रतिद्वंद्वी लियोन ल्यूक मेंडोंसा को नौवे दौर में हराया और एकल बढ़त बनाने में सफल रहे। गुकेश के अब नौ में से 6.5 अंक हैं और वह उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फेडोसीव से आधा अंक आगे हैं। गुकेश ने मुकाबले के बाद कहा, मुझे खुशी है कि आज अच्छा खेल सका। अभी चार दौर बाकी हैं और मैं तालिका के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा। मैं बस अपने खेल से खुश हूं।

# इंडिया-इंग्लैंडः इंग्लैंड के खिलाफ वरुण चक्रवर्ती ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, बने पहले भारतीय



**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अपनी तीन मैचों की सीरीज के तीसरे टी20ई में 5 विकेट लेकर इंग्लैंड को बड़ा टारगेट देने से रोक दिया। चक्रवर्ती ने 4 ओवरों में महज 24 रन देकर 5 विकेट हासिल किए।

चक्रवर्ती का यह टी20ई का दूसरा पांच विकेट हाल है। उन्होंने पिछले साल नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी पांच विकेट चटकाए थे। वरुण चक्रवर्ती ने कोलकाता में श्रृंखला के पहले टी20ई में तीन विकेट लिए थे। इसके बाद चेन्नई के मैदान पर भी वह दो विकेट लेने में सफल रहे। इसी कारण भारतीय टीम को इंग्लैंड पर 2-0 की लीड मिली थी। अब राजकोट में खेले गए तीसरे टी20 में उन्होंने 5-24 के आंकड़े देकर सीरीज में अपने विकेटों की संख्या 10 तक पहुंचा दी। चक्रवर्ती अब भारत और इंग्लैंड के बीच एक द्विपक्षीय टी20 सीरीज में कम से कम 10 विकेट लेने वाले इतिहास के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। 33 वर्षीय खिलाड़ी श्रृंखला के शेष दो मैचों में अपने खाते में और विकेट जोड़ सकते हैं जोकि 31 जनवरी और 2 फरवरी को पुणे और मुंबई में होने हैं। इस सीरीज में अब तक वरुण चक्रवर्ती ने सिर्फ तीन पारियों में 8.50 की शानदार गेंदबाजी औसत से 10 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी रेट 7.08 रही है जबकि स्ट्राइक रेट 7.20 है।

चक्रवर्ती ने ओवरऑल 16 मैचों में 14.75 की औसत से 29 विकेट लिए हैं। क्रिकेटर ने जुलाई 2021 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच के साथ टीम इंडिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उसके बाद से वह लगातार प्रभावित कर रहे हैं।

### ऐसी रही इंग्लैंड की पारी

इंग्लैंड के बल्लेबाज एक बार फिर से भारतीय स्पिनर्स के आगे घुटने टेकते नजर आए। राजकोट की बल्लेबाजों के लिए अच्छी पिच पर एक समय इंग्लैंड 83 रन पर एक विकेट गंवाकर खेल रहा था। लेकिन जैसे ही बटलर का विकेट गिरा भारतीय स्पिनर्स हावी हो गए।

वरुण चक्रवर्ती इस दौरान कमाल रहे। उन्होंने 4 ओवर में 24 रन देकर 5 विकेट चटका लिए जिससे इंग्लैंड बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच पाया। इंग्लैंड के लिए बेन डकेट ने 51 तो लियाम लिविंगस्टन ने 43 रन बनाए। अंत के ओवरों में आदिल राशिद और मार्क वुड ने टीम का स्कोर 171 तक पहुंचाया।

# चौकी प्रभारी रतीराम प्रजापति ने आठवीं बार एवं विजय प्रताप सिंह परमार नाती राजा, दीपेंद्र अहिरवार ने प्रथम बार किया रक्तदान

## समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी के प्रयासों से मिला समय पर जरुरतमंदों को खून

पन्ना

जिला अस्पताल में भर्ती महिला श्रीमती बंदना यादव पति शबदल यादव उम्र 24 वर्ष निवासी बराछ को ओ पॉजिटिव खून की जरूरत थी। उनके पति एवं परिवार के अन्य सदस्य खून दे चुके थे। अब उनके घर परिवार रिश्तेदार में कोई अन्य सदस्य खून देने के लिए तैयार नहीं था। जैसे ही जानकारी विजय प्रताप सिंह नाती राजा परमार को प्राप्त हुई वह बिना विलंब किए अपना प्रतिष्ठान छोड़कर जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और आज उन्होंने पहली बार खून दान करने का पुनीत कार्य किया है। रक्तदान दाता विजय प्रताप सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी बीमारी नहीं आती है। जब भी किसी जरूरतमंद व्यक्ति को खून की जरूरत हो और यदि आप स्वस्थ हैं और आपका संबंधित ब्लड ग्रुप है तो जरूर दान करें। इसके साथ ही विक्रमपुर ग्राम निवासी दीपेंद्र अहिरवार की नानी को बी पॉजिटिव खून की अत्यंत जरूरत थी ।उनके परिवार में सिर्फ दीपेंद्र अहिरवार ही खूनदान करने में सक्षम थे। इसके अलावा कोई भी रिश्तेदार सगा सबंधी खून देने के लिए जिला अस्पताल नहीं आ पा रहा था। उन्होंने एवं ग्राम पंचायत विक्रमपुर सरपंच विजय सोनी ने जानकारी दूरभाष के माध्यम से समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी को दी। समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी ने सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित किया। सोशल मीडिया पर संदेश प्राप्त होते ही ककरहटी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर रतीराम प्रजापति बिना कोई बिलम्ब किये अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और उन्होंने आठवीं बार स्वेच्छा से खूनदान करने का पुनीत कार्य किया है। रक्तदान दाता सब इंस्पेक्टर रतीराम प्रजापति ने बताया कि खूनदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी बीमारी नहीं आती है। कॉलेज समय से जरूरतमंद व्यक्तियों को समय-समय पर खून दान करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को अपने सगे संबंधी और रिश्तेदारों को खून दान करने में किसी प्रकार से भी भयभीत नहीं होना चाहिए और जब भी अवसर मिले जरूरतमंद व्यक्ति को खूनदान जरूर करें।




रक्तदान के इस पुनीत कार्य में समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी लैब टेक्नीशियन रामनाथ ओमरे विनोद पाल का सराहनीय योगदान रहा।

## दस्तावेज परीक्षण 10 फरवरी को

पन्ना। पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 के माध्यम से चतुर्थ काउंसलिंग के लिए चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण व सत्यापन 10 फरवरी को होगा। इसके लिए चयनित अभ्यर्थियों को वांछित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं दो-दो स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 125 में सुबह 10 बजे उपस्थित होने के संबंध में सूचित किया गया है। अभ्यर्थियों को एमपी ऑनलाइन पर अपना प्रोफाइल क्रिएट कर दस्तावेज अपलोड करना भी जरूरी है।

## सुमित तिवारी को सौंपा सिमरिया तहसीलदार का प्रभार

पन्ना। संभागायुक्त द्वारा गत 24 जनवरी को प्रभारी तहसीलदार सिमरिया कैलाश प्रसाद कुर्मी को निलंबित किए जाने के फलस्वरूप प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिगत तहसीलदार का प्रभार तत्काल प्रभाव से नायब तहसीलदार सुमित तिवारी को सौंपा गया है।

# पुलिस द्वारा 05 वर्ष से फरार स्थाई वारण्टी को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी धरमपुर थाना क्षेत्र मे आयुध अधिनियम एवं म.प्र. डकैती अधिनियम के अपराध मे था फरार

पन्ना। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश स्तर में स्थाई वारण्टियो, गिरफ्तारी वारंटो की तामीली हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री सांई कृष्णा थोटा द्वारा पन्ना जिले में अधिक से अधिक वारंटों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया है ,जिसके लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन मे जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी



धरमपुर उप.निरी. बलवीर सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा थाना धरमपुर के अपराध क्रमांक 168/18 धारा 25/27 आयुध अधि. एवं 11/13 डकैती अधि. मे दिनांक 25/01/2020 से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सूरज वर्मा पिता रामशरण वर्मा निवासी चमड़ा मण्डी बांदा उ.प्र. की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे जिसके फलस्वरूप दिनांक 27.01.25 को थाना प्रभारी धरमपुर को उक्त आरोपी के रामनगर धरमपुर थाना क्षेत्र मे होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये फरार स्थाई वारंटी को आज दिनांक 28.01.25 को रामनगर वैरियल के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

सराहनीय योगदान में थाना प्रभारी धरमपुर उप.निरी. बलबीर सिंह, चौकी प्रभारी नरदहा सउनि कमल सिंह चन्देल, प्र.आर. अशोक अहिरवार, आर. वरूण, बृजेश, अजय, अजीत, कमलेश का सराहनीय योगदान रहा ।

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए उड़नदस्ता दल गठित

पन्ना। माध्यमिक शिक्षा मंडल की आगामी 25 एवं 27 फरवरी से प्रारंभ होने वाली हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षाओं के व्यवस्थित संचालन, परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नकल की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा जिले के 48 परीक्षा केन्द्रों के लिए 5 उड़नदस्ता दल गठित किए गए हैं। गठित दल में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है, जिसके तहत पन्ना अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, प्रभारी तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं ज्योति राजपूत, गुनौर अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम रामनिवास चौधरी, प्रभारी तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय एवं आशुतोष मिश्रा, पवई अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम समीक्षा जैन एवं प्रभारी तहसीलदार प्रीति पंथी, शाहनगर अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम श्रुति अग्रवाल, प्रभारी तहसीलदार कोमल सिंह एवं चन्द्रमणि सोनी तथा अजयगढ़ अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम अलोक मार्को एवं प्रभारी तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार शामिल हैं। समस्त अधिकारियों को आवंटित परीक्षा केन्द्रों का सतत भ्रमण कर निरीक्षण रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करने तथा किसी अप्रिय स्थिति पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करने और माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों के तहत परीक्षा संपादित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

जिला कलेक्टर द्वारा जिले के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति भी की गई है। जनपद पंचायत सीईओ पन्ना आनंद शुक्ला को परीक्षा केन्द्र शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना, रोहित मालवीय को शासकीय उ.मा. विद्यालय बोरी, अखिलेश उपाध्याय को शासकीय उ.मा. विद्यालय सिमरिया, धीरज चौधरी को शासकीय उ.मा. विद्यालय सुनवानीकला, सतीश नागवंशी को शासकीय उ.मा. विद्यालय खोरा तथा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग पन्ना बी.डी. कोरी को शासकीय उ.मा. विद्यालय मोहन्द्रा परीक्षा केन्द्र में प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# नाली निर्माण के विवाद में सरपंच पति ने चलाई गोली

सतना। नागौद थाना क्षेत्र के पिथौराबाद गांव में नाली निर्माण के विवाद पर सरपंच पति और उसके साथियों ने जमकर गाली-गलौज कर कट्टे से फायरिंग कर दहशत फैला दी, जिसमें पीड़ित पक्ष की तरफ से 3 आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत पिथौराबाद में नाली निर्माण का कार्य चल रहा था। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह पुत्र द्वारिका सिंह के घर के पास काम को लेकर कुछ विवादित स्थिति बन गई, जिसकी शिकायत 24 जनवरी को सरपंच माधुरी जायसवाल की तरफ से पोंड़ी चौकी में दर्ज कराई गई। इसी बीच सरपंच के पति विपिन जायसवाल उर्फ पिंटू ने 27 जनवरी की रात को तकरीबन 11 बजे अपने दो साथियों बेटू कुशवाहा, अनिल कोल और अन्य के साथ अखिलेश के घर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा। हल्ला-गुहार सुनकर जब वह बाहर निकले तो आरोपी ने कट्टा तानकर फायर झोंक दिया। इस दौरान अखिलेश ने नीचे झुककर खुद को बचा लिया, जिसके बाद पत्नी और बेटा उनको खींचकर अंदर ले गए। अपने बचाव में पीड़ित परिवार के लोग छत से पत्थरबाजी करने लगे और पुलिस को भी सूचित कर दिया।

फायरिंग की खबर लगने पर पोड़ी चौकी प्रभारी अनिल तिवारी अपने एक सहयोगी के साथ पिथौराबाद पहुंचे, जिनको देखकर आरोपी पिंटू और उसके साथी कार क्रमांक एमपी 19 सीडी 0842 में बैठकर भाग गए, तो वहीं पीड़ित पक्ष से पूछताछ के बाद घटनास्थल की सर्चिंग कर पुलिस ने एक खाली खोखा और कुछ डंडे जब्त कर लिए। मंगलवार सुबह अखिलेश को नागौद ले जाकर लिखित शिकायत लेते हुए पिंटू समेत 3 के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 (1), 296, 351(3) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आए। उधर पत्थरबाजी में पिंटू के एक साथी को गंभीर चोट आ गई थी, जिस पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं घायल के बयान पर मारपीट में धारा में अपराध भी पंजीबद्ध किया गया है। गौरतलब है कि पिंटू जायसवाल के खिलाफ नागौद और उचेहरा समेत कई थानों में शराब तस्करी, हत्या की कोशिश, मारपीट समेत दर्जनभर अपराध दर्ज हैं, जिनमें वह कई बार जेल की हवा खा चुका है, फिलहाल वह जमानत पर बाहर चल रहा था। आरोपी का बड़ा भाई अनूप जायसवाल उर्फ जस्सा कुख्यात गांजा और शराब का तस्कर है, जिसे एक मामले में 20 साल की सजा भी हो चुकी है तो एक अन्य भाई और पोड़ी के पूर्व सरपंच प्रदीप जायसवाल पर भी शराब तस्करी का प्रकरण दर्ज है। इस पूरे घटनाक्रम में अखिलेश और उनके परिजनों ने चौकी पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस टीम के पहुंचने पर सभी आरोपी वहीं थे, लेकिन उन्हें पकड़ने की कोशिश नहीं की गई।

## जनसुनवाई में आए 18 आवेदन



पन्ना। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 18 आवेदन आए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनीं। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## 15 दिवसीय प्रशिक्षण 30 जनवरी से

पन्ना। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कक्ष क्रमांक 37 में स्थापित ई-दक्ष केन्द्र में 30 जनवरी से 20 फरवरी तक साइबर सिक्योरिटी सहित बेसिक कम्प्यूटर, हिन्दी टाइपिंग, यूनीकोड, इंटरनेट एवं ईमेल विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस पूर्ण दिवसीय प्रशिक्षण का समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक निर्धारित है। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के 19 प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे।

# जिला बदर का आरोपी बंदी, भेजा गया जेल

सतना। सिटी कोतवाली पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर घर में छिपे आरोपी को दबिश देकर पकड़ लिया, जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि आरोपी अरविंद सिंह उर्फ छोटे उर्फ छोटू पुत्र योगेंद्र सिंह उर्फ लवकुश उर्फ लवकेश सिंह 24 वर्ष, निवासी उमरी-महदेई, के खिलाफ 8 गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिसके चलते आरोपी को जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा ने एक वर्ष की अवधि के लिए सतना समेत अगल-बगल के 7 जिलों से बाहर जाने का आदेश दिया था, जिसका पालन पुलिस ने सुनिश्चित कराया, मगर कुछ दिन बाद ही आरोपी चकमा देकर गांव लौट आया और छिपकर रहने लगा।



मंगलवार को पक्की सूचना मिलने पर उमरी-महदेई में दबिश देकर आरोपी अरविंद सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन प्रमाणित होने पर आरोपी के खिलाफ मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत कायमी कर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# मौनी अमावस्या से एक दिन पहले चित्रकूट पहुंचे 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालु

## भक्तों के सैलाब को देखते हुए पुलिस भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही

सतना। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का असर सतना-मैहर के तीर्थ स्थलों में भी नजर आ रहा है। संगम स्नान से पहले अथवा बाद में लाखों भक्त चित्रकूट और मैहर पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी दोनों स्थानों पर आस्था का सैलाब हिलोरे मारता नजर आया। एक जानकारी के मुताबिक भगवान राम की तपस्थली चित्रकूट में लगभग 3 लाख श्रद्धालु आए। मौनी अमावस्या के चलते बुधवार को चित्रकूट में भक्तों की संख्या में और भी इजाफा होने की संभावना है। पुण्य सलिला मंदाकिनी के तटों से लेकर परिक्रमा मार्ग, गुप्त गोदावरी, सती अनुसुइया और हनुमान धारा में भी पैर रखने की जगह नहीं थी।



भक्तों के सैलाब को देखते हुए पुलिस भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। सुरक्षा प्रभारी और एएसपी ग्रामीण विक्रम सिंह कुशवाह ने मंगलवार को चित्रकूट थाना परिसर में पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर ड्यूटी प्वाइंटों के लिए रवाना किया, तो लगातार भ्रमण कर स्थितियों का जायजा लेते रहे। मेला व्यवस्था के लिए डीजी रिजर्व और क्यूआरएफ के साथ 450 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

चित्रकूट की तरह ही मां शारदा शक्तिपीठ मैहर में भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से लेकर पट बंद होने तक दर्शन का सिलसिला लगातार जारी रहा। पुलिस के मुताबिक सीढ़ी, रोपवे और वैन के जरिए सवा लाख श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किए हैं। देशभर के अलग-अलग हिस्सों से लगातार मैहर आ रहे भक्तों को देखते हुए पुलिस कप्तान सुधीर अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था में जवानों की संख्या बढ़ा दी है। जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को बारी-बारी से ड्यूटी पर लगाया जा रहा है। पार्किंगों में भी व्यवस्थित किया गया है, तो मेला क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है।

# आन बान शान से पूरे जिले में लहराया तिरंगा

## अल्ट्राटेक मैहर सीमेंट प्लांट में ध्वजारोहण पश्चात हुए रंगारंग कार्यक्रम

मैहर। रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन जिले में जगह जगह बड़े ही उल्लास से किया गया। जिला मुख्यालय, शासकीय संस्थानों,पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया, जहां मंत्री,सांसद, विधायक व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में बड़े ही भव्य रूप में समारोह आयोजित हुआ। सर्वप्रथम अल्ट्राटेक मैहर इकाई प्रमुख बिजनेश्वर मोहंती,मानव संसाधन प्रमुख अजयवीर सिंह महला, एडमिन और सिक्योरिटी हेड प्रवीण नेगी एवं सभी अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पूजन किया गया। पूजनोत्सव के उपरांत श्री मोहंती ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पश्चात सुरक्षा विभाग और मैहर सीमेंट स्कूल के छात्रों ने परेड की और छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर यूनिट हेड श्री मोहंती ने अपने वक्तव्य में अपने महान राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों उनके कर्तव्यों एवं गणतंत्र दिवस की महत्ता के प्रति अपने सुविचार रखे, साथ ही मैहर सीमेंट वर्क्स की गत वर्ष की उपलब्धियों को साझा किया। आदित्य बिड़ला समूह की स्वास्थ्य,सुरक्षा,पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। सीएसआर के तहत किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने मैहर संगीत महाविद्यालय में नृत्य कक्ष का निर्माण कराया जाएगा साथ ही मेडिकल कैंप,नि:शुल्क ट्रेनिंग एवं ग्रीष्म ऋतु में पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की जानकारी दी।

एडमिन और सिक्योरिटी हेड श्री नेगी ने कहा कि आज का दिवस संपूर्ण भारतवासियों के लिए प्रसन्नता का दिवस है। खुशियों का पल एवं भारत के भविष्य के लिए सुनहरे सपने को साकार करने के लिए संकल्प लेने का दिवस है। गणतंत्र को स्थापित करने के लिए स्वबोध, अनुशासन, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे सकारात्मक पक्ष की पहल करने का दिवस है।

## बोलेरो से आए नकाबपोशों ने शटर तोडक़र ज्वेलरी शॉप में किया चोरी का प्रयास

सतना। शहर में इन दिनों एक गिरोह सक्रिय है जो चार पहिया वाहन से घूमकर सराफा दुकानों को निशाना बनाता है। बीते 5 दिवस के अंदर 2 थाना क्षेत्रों में बदमाशों ने एक शॉप का ताला तोडक़र लाखों के आभूषण पार कर दिए, तो दूसरी दुकान का शटर काटकर घुसने की कोशिश की। इन वारदातों से सराफा व्यापारियों में दहशत फैल गई है तो पुलिस की नाइट पेट्रोलिंग भी सवालों के घेरे में आ गई है। कोलगवां पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जीवन ज्योति कॉलोनी निवासी प्रमोद पुत्र कमलेश सोनी काफी समय से कबाड़ी टोला हनुमान मंदिर के बगल में अलंकार ज्वेलरी शॉप का संचालन करते हैं। सोमवार की रात को तकरीबन साढ़े 9 बजे दुकान का ताला बंद कर घर चले गए, मगर जब गहरी नींद में सो रहे थे, तब लगभग साढ़े 3 बजे पड़ोसी शशांक गुप्ता ने फोन कर बोलेरो से आए नकाबपोश बदमाशों के द्वारा दुकान का शटर तोड़ने की सूचना दी गई। जिस पर वह परिजनों के साथ तुरंत मौके पर आए, लेकिन तब तक चोर भाग गए थे। व्यापारी ने डायल 100 पर संपर्क किया, मगर फोन नहीं लगा, ऐसे में उन्होंने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। थाने में सूचना देने के बाद पीड़ित ने आसपास के व्यापारियों को एकत्र कर अगल-बगल की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो सफेद रंग की बोलेरो रात 3 बजे दुकान के पास आई और कुछ देर तक इधर-उधर घूमने के बाद सेमरिया चौक की तरफ चली गई। इसके बाद रात 3.30 बजे 4 नकाबपोश पैदल दुकान के बाहर पहुंचे और रॉड से शटर को तोडऩे लगे। इसी बीच आहट होने पर बदमाश भागकर चौराहे की तरफ चले गए, जिसके बाद गाड़ी रीवा रोड पर तेजी से निकल गई।

# भारत माता की जय उद्घोष के साथ मैहर जिले में धूमधाम से मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस

मैहर। देश के 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर मैहर जिले में शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं ने शान से ध्वजारोहण कर मिठाईयां बांटकर एक दूसरे को 76 वें गणतंत्र दिवस की बधाइयां देकर गणतंत्र दिवस मनाया कई जगह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। खेल मैदान में प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने ध्वजारोहण पश्चात परेड की सलामी ली साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का अवलोकन किया साथ में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड के साथ अतिथिगण उपस्थित रहे। वहीं नगरपालिका परिषद में अध्यक्षा श्रीमती गीता संतोष सोनी ने ध्वजारोहण किया विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल नितिन ताम्रकार, अशोक चौबे वरिष्ठ इंजीनियर बंशपती पांडे,शखावत अली एवं समस्त पार्षदगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।वहीं विधायक कार्यालय में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, विकास तिवारी,महेश दरियानी,रवि सराफ, सूर्य प्रकाश चौरसिया, विश्वनाथ चौरसिया गुड्डू भैया, विष्णु चौरसिया,सतीश मिश्रा, संतोष पाण्डेय, पारसनाथ तिवारी, संजय जादवानी,श्रीमती अनीता तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने सभी को देश के 76 वें गणतंत्र दिवस की बधाइयां दी। भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने द्वारा ध्वजारोहण किया गया विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के अतिरिक्त बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं मैहर कोतवाली परिसर में सीएसपी राजीव पाठक एवं थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया उपस्थित समस्त पुलिस बल द्वारा तिरंगे को सलामी दी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष धर्मेश घई द्वारा कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा कांग्रेस सेवादल के लोग उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के मौके पर सांई विद्यामंदिर में वार्षिकोत्सव समारोह का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरूवार 30 जनवरी 2025




कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल व शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बदरांव में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत छात्रो का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## महाकुंभ यात्रियों की व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन ने झोंकी ताकत

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रीवा से चाकघाट तक व्यवस्थाओं की स्वयं की मॉनीटरिंग

**प्रयागराज मार्ग में फंसे वाहनों को व्यवस्थित करने में जुटा प्रशासन**

**प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिये की गई खाने एवं पानी की व्यवस्था**



**रीवा।** प्रयागराज में मौनी अमावस्या में 28 जनवरी की रात को भारी भीड़ के कारण वाहनों सहित सभी व्यक्तियों के प्रवेश पर अस्थाई तौर पर बीच-बीच में रोक लगाई जा रही है। जिसके कारण रीवा-प्रयागराज मार्ग में गंगेव-कलवारी मोड़ से लेकर प्रयागराज की सीमा तक हजारों वाहन फंसे हुए हैं। वाहन में फंसे यात्रियों को समुचित सुविधाएं देने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह सहित एडीएम, सभी एसडीएम, अन्य राजस्व अधिकारी मौके पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। चाकघाट रैनबसेरा, कलवारी मोड़, श्रीयुत महाविद्यालय, चंदई तथा अन्य स्थानों पर यात्रियों को निश्शुल्क भोजन और पानी उपलब्ध कराया गया। श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव, तथा यहां रैनबसेरे की व्यवस्था की गई। चाकघाट में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की देखरेख में श्रद्धालुओं को खाने के पैकेट्स व पानी उपलब्ध कराया गया। उत्तरप्रदेश से समन्वय स्थापित कर थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद प्रयागराज के लिए वाहनों को रवाना किया जा रहा है। चाकघाट रैनबसेरे में तैनात मेडिकल टीम यात्रियों को आवश्यक उपचार सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, एसडीओपी त्योंथर उदित मिश्रा एवं अन्य पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। रीवा प्रयागराज हाइवे में गंगेव से आगे जाने वाले मार्ग पर वाहन पार्क हो गए हैं। आने वाली लेन से ही आवागमन किया जा रहा है। पुलिस बल लगातार वाहनों को व्यवस्थित करने और यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने का प्रयास कर रहा है। प्रयागराज पुलिस से लगातार संपर्क रखकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रयागराज में यात्रियों के प्रवेश की सूचना मिलने के बाद ही चाकघाट सीमा से वाहनों को रवाना किया जा रहा है। व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने बताया कि महाकुंभ मेला प्रशासन से रीवा के अधिकारियों का लगातार संपर्क बना हुआ है। प्रयागराज में भीड़ का दबाव घटते ही यात्रियों को प्रयागराज के लिए रवाना किया जा रहा है। चाकघाट में रैनबसेरा सहित तीन स्थानों पर यात्रियों के ठहरने, भोजन तथा उपचार की निश्शुल्क व्यवस्था की गई है। इसके साथ-साथ गंगेव, मनगवां, चोरहटा और सोहागी में भी यात्रियों के रूकने और भोजन की व्यवस्थाएं की गई हैं। मनगवां से चाकघाट तक के रास्ते में ग्राम पंचायतों के माध्यम से भी रूकने वाले यात्रियों को खाने तथा पानी की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गईं। कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश पर जोगिनहाई टोल प्लाजा, मनगवां तिराहा, श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव, कलवारी मोड़, चंदई सहित चाकघाट में प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी लगातार व्यवस्थाएं बनाने में जुटे हुए हैं। पुलिस को सूचना मिलने पर ही वाहनों को प्रयागराज के लिए छोड़ा जा रहा है। श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव एवं चाकघाट में बनाए गए रैन बसेरे में श्रद्धालुओं के ठहरने की भी व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने तीर्थयात्रियों से संवाद कर उन्हें धैर्य और संयम बनाए रखने की अपेक्षा की तथा कहा कि प्रशासन उनकी व्यवस्थाओं के लिए तत्परता से जुटा हुआ है।

## भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति 3 फरवरी तक

**रीवा।** समान थाना के प्रशासनिक भवन एवं परिसर निर्माण के लिए ग्राम रतहरा की शासकीय भूमि का आवंटन किया जाना है। भूमि का खसरा नंबर 301/1 रकवा 1.4140 हेक्टयर का आवंटन किया जाना है। इस भूमि आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 3 फरवरी तक नायब तहसीलदार के न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।नियत तिथि के पश्चात आपत्ति प्राप्त न होने पर भूमि आवंटन के संबंधी कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह ग्राम चिरहुला में एक अन्य भूमि खसरा नंबर 2/24/2 रकवा 4.273 हेक्टेयर का आवंटन एमपीएचआईडीबी की जनरल हाउसिंग स्कीम के लिए किया जाना है। इस भूमि के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह तीन दिवस में नायब तहसीलदार न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात आपत्ति प्राप्त न होने पर भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

## महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए डीबीएल ने कराई खाने-पीने की व्यवस्था





**रीवा।** प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं के दिलीप बिल्डिकॉन लिमिटेड द्वारा नेशनल हाइवे में रायपुर के पास दिलीप बिल्डिकान लिमिटेड द्वारा खाना, नास्ता एवं पानी की व्यवस्था की गई। कंपनी द्वारा श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी, समोसा, मीठा एवं पीने के लिए पानी का बोतल प्रदाय किया गया। कंपनी प्रबंधन द्वारा हाइवे में यात्रियों को रोक कर खाने पीने की व्यवस्था की गई। दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड बाण सागर वाटर सप्लाई इकाई के परियोजना प्रमुख राजकुमार, लाइजनिंग मैनेजर धर्मेश कुमार त्रिपाठी, लेखा प्रबंधक लकी पंत, मानव संसाधन प्रमुख हुकुम सिंह गुर्जर एवं समस्त स्टॉफ के द्वारा इस नेक कार्य में बढ़ चढ़ कर सहभागिता निभाई गई।

## चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती का वार्षिक कैलेंडर शीघ्र करें जारी: उप मुख्यमंत्री

**स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की**



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि चिकित्सा शिक्षकों के प्रमोशन के लिये आवश्यक कार्यवाही की जाये और भर्ती का वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाए। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों की कार्यकारी परिषद (एग्जीक्यूटिव काउंसिल) की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उल्लेखित समस्यायों और आवश्यकताओं की प्राथमिकता से पूर्ति की जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सेवा शर्तों और वित्तीय प्रावधानों पर गहन विमर्श किया। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी, एमडी एमपीपीएचएससीएल श्री मयंक अग्रवाल, संचालक प्रोजेक्ट एवं सीईओ आयुष्मान भारत डॉ. योगेश भरसट सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मद्य निषेध संकल्प दिवस आज

**रीवा।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जायेगा। समाज में बढ़ते हुए मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थ/ द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराने, नशा छोड़ने के लिऐ प्रेरित कर उन्हें मादक द्रव्य पान, गुटका, तम्बाकू सिगरेट, मदिरा पान त्यागने हेतु संकल्प दिलाने तथा संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य इस दिवस पर किया जायेगा। नशा प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जनजागृति एवं जन चेतना का निर्माण किया जाना इसका मुख्य उद्देश्य है। भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान प्रारंभ किया गया है जिसमें नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। इसके तहत उपचार व परामर्श तथा जनजागृति संबंधी कार्य किये जायेंगे ताकि लोग नशामुक्ति की ओर प्रेरित हो सके। इसी क्रम में विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय तथा स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

## शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को मौन धारण

**रीवा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रातः 11 बजे प्रदेश में कार्य और अन्य गतिविधियाँ रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाए। जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेंगी। सायरन 10:59 बजे से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुनः क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहां सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए। सिग्नल (जहां उपलब्ध हो), के अनुसार सभी व्यक्ति खडे हो जाएं और मौन धारण करें। सभी शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों में शहीद दिवस को पूरी गंम्भीरता के साथ मनाया जाये। स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के बारे में वार्ताएं और भाषण आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

### कमिश्नर 31 जनवरी को करेंगे समीक्षा

**रीवा।** संभागीय समीक्षा बैठक 31 जनवरी को कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित की जा रही है। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में जनवरी माह में सेवानिवृत्त होने वाले संभागीय अधिकारियों को विदाई दी जाएगी।

## कमिश्नर और प्रभारी आईजी ने कुंभ तीर्थ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**रीवा।** प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए रीवा होकर जा रहे हैं। वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। रीवा प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के रूकने, खाने-पीने की व्यवस्थाएं अलग-अलग स्थानों में की गई हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान स्थित टोल प्लाजा जोगिनिहाई, कलवारी मोड़ तथा चंदई व चाकघाट पहुंचकर तीर्थयात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाकुंभ में प्रयागराज जा रहे यात्रियों के लिए महसुआ, रामनई, भलुहा व सुरसाखुर्द पंचायतों की तरफ से टेंट लगाकर यात्रियों के खाने-पीने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा उन्होंने लिया। उन्होंने रैनबसेरों में की गई व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा, नायब तहसीलदार टीपी सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी.एन.श्रीवास्तव, सहायक यंत्री मनीषा मिश्रा, प्रभारी बीपीओ श्री इंद्रभान सिंह, जनपद सदस्य राजेश केवट, ग्राम पंचायत जोगिनिहाई की सरपंच रूपा सुनील यादव, रायपुर कर्चुलियान के सरपंच शुभकरण दाहिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु साकेत सहित संबंधित हल्के के पटवारी, ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने कुंभ तीर्थ यात्रियों की समुचित व्यवस्था के लिए रीवा प्रशासन की प्रशंसा की

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कुंभ यात्रियों की समुचित व्यवस्था के लिए रीवा प्रशासन के अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में अत्यधिक भीड़ होने के कारण रीवा जिले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के वाहन मध्यप्रदेश की सीमा पर रूके रहे। हमारे प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद रहकर सभी श्रद्धालुओं के खाने एवं पानी से लेकर ठहरने तक की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई। मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश की सीमा पर रीवा प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की भी डॉक्टरों की टीम ने मौके पर मौजूद रहकर पूर्ति की। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों कमिश्नर बीएस जामोद, प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

## आम रैली में फायर कर जनमानस में दहशत फैलाने वाले आरोपियो के विरुद्ध अपराध पंजीवद्ध कर किया गया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा,विवेक सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा सिटी, श्री अनिल कुमार सोनकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीवा श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी के के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरी0 हितेन्द्रनाथ शर्मा व उनकी पुलिस टीम द्वारा आर्म्स से फायर कर थाना क्षेत्र में आमजन में दहशत फैलाने वाले आरोपियो को किया गया गिरफ्तार। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार विकास दुबे, मंजरखान के नेतृत्व में दिनांक 26/01/2025 को अपने सहयोगियो के साथ मिलकर चार पहिया व दो पहिया वाहनो से शहर में रैली निकाली गई थी रैली के दौरान विकास दुबे, मंजर खान अपने सहयोगियो के साथ रोड पर अवरोध उत्पन्न किया गया था सूचना को गम्भीरता से लेकर जांच की गई तो जांच में पाया गया कि वाहन रैली के दौरान धाना विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत बोदाबाग पंचम पैलेस के पीछे मैदान में दो युवको द्वारा आर्म्स फायर कर आम जनमानस में दहशत फैलाने का प्रयास करते हुए शान्ति भंग किया गया है। विशेष सूत्रो से जानकारी मिली की वायरल वीडियो में पिस्टल लहराते हुए दिखाई दे रहे दो युवक विकास दुबे एवं मंजर खान है। जांच पर से विकास दुबे, मंजर खान एवं उनके सहयोगियो के द्वारा अपराध का घटित करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 28/2025 धारा 285, 189(2), 191(3), 191(2), 190 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा है। एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु उनके सहयोगियो के विरुद्ध इस्तगासा पंजीबद्ध कर 03 नफर आरोपियो को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया है। गिरफ्तार आरोपी में राहुल दुवे पित राजेश प्रसाद दुवे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बगढ़ा थाना बैकुण्ठपुर जिला रीवा। अर्पित द्विवेदी पिता शशिषेखर द्विवेदी उम्र 24 वर्ष निवासी बांधी (बरसैती) थाना गुढ़। प्रहलाद मिश्रा पिता विष्णुकान्त मिश्रा उम्र 24 वर्ष निवासी सिरमौर वार्ड क्र. 13 थाना सिरमौर। मुख्य भूमिका में थाना प्रभारी निरीक्षक हितेन्द्र नाथ शर्मा, सायवर सेलसे उनि. गौरव मिश्रा, उनि. दीपक तिवारी, उनि. मृगेन्द्र, सिंह, उनि अभिषेक खरे, आर. सुभाष एवं प्रआर.80 झलक नारायण पाण्डेय, प्रआर.792 अरुण कुमार चौबे, प्रआर.256 रामराज चौबे, आर. 1208 अनुराग चौरसिया।

## श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आज तक आमंत्रित

**रीवा।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में श्रमोदय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 9 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जा रही है। श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकृत मजदूरों के बच्चे 30 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू एमपी एसओएस डॉट एनआईसी डॉट इन पर 30 जनवरी तक दर्ज किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र स्वीकार होने पर इसी पोर्टल पर प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र उपलब्ध होंगे।

## संस्कृत विश्वविद्यालय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण का अभिन्न अंग: उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि संस्कृत विश्वविद्यालय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति ही इस यात्रा की आधारशिला है, जो स्थायी और स्थिर विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा के संचालन एवं विकास की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत वरवड़े सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा के समुचित संचालन, नवीन पाठ्यक्रमों के विस्तार, बजट आवंटन, अधोसंरचना विकास एवं शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अंतर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्रों को व्याकरण, साहित्य, वेद एवं ज्योतिष के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वित्त एवं उच्च शिक्षा विभाग आपसी समन्वय से शीघ्र ही आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करें ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि पाणिनि संस्थान अंतर्गत रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय के लिए 40 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित है। उन्होंने संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा के पाठ्यक्रमों के संचालन, छात्रों के लिए आवास एवं भोजन की निश्शुल्क व्यवस्था और शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति के लिए बजट आवंटन व प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा सांस्कृतिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण केंद्र है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833